दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित !

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, शनिवार 16 मई 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1058

## संक्षिप्त खबरें ।

### पटना सहित कई जिलों में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल का हुआ सफल आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**
**संवाददाता विनोद प्रसाद**



**पटना ।** सरकार के निदेश के आलोक में 14 मई को पटना जिला के शहरी क्षेत्रों में हवाई हमला सिविल डिफेंस मॉकड्रिल एवं ब्लैकआउट का निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, पटना ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, एनसीसी, विधि-व्यवस्था, यातायात, पुलिस एवं सिविल सोसायटी के सदस्यों सहित आपदा प्रबंधन के सभी स्टेकहोल्डर्स के अप्रतिम एवं अतुलनीय योगदान के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

नागरिक सुरक्षा के लिए मॉकड्रिल एवं ब्लैकआउट हेतु 6 सिनैरियो का निर्धारण किया गया था जिसमें एयर रेड अर्ली वार्निंग सिस्टम, ब्लैकआउट मेजर्स, इवैक्युएशन एण्ड शेल्टरिंग, सर्च एण्ड रेस्क्यू ऑपरेशन, मेडिकल रिस्पॉन्स एण्ड कैजुअल्टी इवैक्युएशन्स तथा फायर फायटिंग सिनैरियो शामिल था। एयर स्ट्राइक की स्थिति में बचाव हेतु सिविल डिफेंस अभ्यास के तहत सर्वप्रथम 3 बजे अपराह्न से 4 बजे अपराह्न तक जिला पदाधिकारी, पटना के निदेशन में 04 (चार) सिमुलेशन साईट- पटना समाहरणालय, बिस्कोमान भवन, बाँकीपुर बस स्टैण्ड एवं आईजीआईएमएस- पर मॉकड्रिल/मॉक एक्सरसाईज का आयोजन किया गया तथा आपदा प्रबंधन के मुख्य घटकों राहत, बचाव एवं पुनर्वास (रिलीफ, रेस्क्यू एण्ड रिहैबिलिटेशन) हेतु प्रशासनिक तंत्र की प्रभावशीलता का परीक्षण किया गया। मॉकड्रिल के दौरान सिमुलेशन साईट पर 4 सिनैरियो यथा इवैक्युएशन एण्ड शेल्टरिंग, सर्च एण्ड रेस्क्यू ऑपरेशन, मेडिकल रिस्पॉन्स एण्ड कैजुअल्टी इवैक्युएशन्स तथा फायर फायटिंग सिनैरियो के अंतर्गत विशिष्ट आपदा परिदृश्य का निर्धारण एवं एसओपी के अनुसार गतिविधियों का संचालन किया गया। गाँधी मैदान, पटना में स्टेजिंग एरिया (इन्सिडेंट कमांड साइट) बनाया गया था औ।इसके बाद शाम 6:58 बजे हवाई हमला होने की चेतावनी एयरफोर्स कंट्रोल रूम से प्राप्त होते ही निर्धारित समय पर 2 मिनट तक नागरिक सुरक्षा का सायरन बजाया गया।

## इस्लामाबाद नहीं, भारत देश है बेहतर BRICS के मंच से रूस ने कर दिया ऐसा ऐलान कि पाकिस्तान को लग गई मिर्ची

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक संकेत देते हुए कहा है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जटिल वार्ता में किसी लंबे समय तक स्थायी मध्यस्थ की आवश्यकता होती है, तो भारत इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त देश हो सकता है। उन्होंने भारत के "गहरे कूटनीतिक अनुभव" और संतुलित विदेश नीति की सराहना की।लावरोव यह बयान BRICS शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली यात्रा के दौरान दे रहे थे, जहां उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका पर विशेष जोर दिया।

**पाकिस्तान की भूमिका: तात्कालिक मदद या सीमित प्रभाव?:** लावरोव ने यह भी स्वीकार किया कि पाकिस्तान वर्तमान में अमेरिका और ईरान के बीच "तात्कालिक संवाद चैनल" खोलने में मदद कर रहा है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट संकेत दिया कि पाकिस्तान की भूमिका सीमित और अल्पकालिक हो सकती है, जबकि भारत दीर्घकालिक समाधान में अधिक प्रभावी साबित हो सकता है। उनके बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक हलकों में इस बात पर चर्चा तेज हो गई है कि क्या मध्य पूर्व में भारत वास्तव में एक निर्णायक मध्यस्थ के रूप में उभर सकता है।

**इज़राइल की आपत्ति और पाकिस्तान पर सवाल :** इस बीच, इज़राइल ने पाकिस्तान की मध्यस्थता क्षमता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इज़राइली पक्ष का तर्क है कि पाकिस्तान का राजनीतिक और रणनीतिक इतिहास उसे एक निष्पक्ष मध्यस्थ बनने से रोकता है।विशेष रूप से, आतंकवाद और क्षेत्रीय नीतिगत टकरावों के संदर्भ में इज़राइल ने पाकिस्तान की विश्वसनीयता पर संदेह जताया है। इससे इस पूरे कूटनीतिक समीकरण में नई जटिलता जुड़ गई है।

**आंतरिक संकट: पाकिस्तान की सीमाएं उजागर:** विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तान की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट भी उसकी अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता भूमिका को कमजोर करते हैं। घरेलू स्तर पर लगातार चुनौतियों से जूझता पाकिस्तान वैश्विक मंच पर स्थिर और भरोसेमंद मध्यस्थ की छवि बनाने में कठिनाई का सामना कर रहा है। इसके विपरीत, भारत को अपेक्षाकृत स्थिर लोकतांत्रिक संरचना और विविध कूटनीतिक संबंधों का लाभ मिलता है, जो उसे एक संभावित "विश्वसनीय संवादकर्ता" बनाते हैं।

### भारत की भूमिका

गुटनिरपेक्षता से वैश्विक प्रभाव तक भारत लंबे समय से अपनी "गुटनिरपेक्ष" विदेश नीति के कारण विभिन्न वैश्विक शक्तियों के साथ संतुलित संबंध बनाए हुए है। यही कारण है कि ईरान और अमेरिका दोनों के साथ भारत के संवाद चैनल खुले हैं।लावरोव ने स्पष्ट रूप से कहा, "यदि स्थायी समाधान की आवश्यकता है, तो भारत अपने अनुभव के कारण सबसे उपयुक्त मध्यस्थ हो सकता है।

**बढ़ता वैश्विक तनाव और भारत की नई कूटनीतिक परीक्षा:** ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव और पश्चिम एशिया की अस्थिर स्थिति के बीच यह बयान भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका का संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भारत इस अवसर का उपयोग करता है, तो वह अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक निर्णायक शक्ति के रूप में और मजबूत हो सकता है। अब दुनिया की नजर इस बात पर टिकी है कि क्या भारत वास्तव में इस जटिल भू-राजनीतिक खेल में "स्थायी मध्यस्थ" की भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ेगा या यह केवल एक कूटनीतिक संकेत भर रहेगा।

## भारतीय शिप पर हमले के बाद होर्मुज स्ट्रेट के पास दूसरी बड़ी घटना, लंगर में खड़े जहाज पर हो गया कब्जा, पहुंचा ईरान



**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में लगातार कई घटनाक्रम सामने आ रहे हैं. इसी बीच ओमान के तट पर बुधवार (13 मई, 2026) को एक भारतीय झंडे वाले जहाज को ड्रोन हमला कर डुबा दिया गया है. भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि भारत के समुद्री जहाजों पर ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. इस घटना को घटे अभी 24 घंटे भी पूरी नहीं हुए कि समंदर में एक और जहाज के साथ घटना की खबर सामने आ गई है।

**कब्जा किए गए जहाज के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं :%** दरअसल, ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स (UKMTO) ने गुरुवार (14 मई, 2026) को कहा कि उसे संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के फुजैराह बंदरगाह से 38 नॉटिकल मील (करीब 70 किलोमीटर) दूर उत्तर-पूर्व दिशा में एक समुद्री जहाज पर कब्जे की सूचना मिली है।

ब्रिटिश एजेंसी ने कहा कि जहाज के नाम को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन यह जहाज स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास समंदर में लंगर डाले खड़ा था, जिस पर कुछ अनधिकृत लोगों ने कब्जा कर लिया है और अब उसे ईरान के समंदर की तरफ लेकर जाया जा रहा है।

**भारतीय जहाज पर ड्रोन हमले के बाद MEA ने क्या कहा?:** गुजरात के कार्गो जहाज हाजी अली पर बुधवार (13 मई, 2026) को तड़के करीब 3:30 बजे उस वक्त ड्रोन हमला किया गया, जब जहाज ओमान के उत्तरी तट के नजदीक लीमा क्षेत्र से गुजर रहा था. जहाज पर हमले के बाद भीषण आग लग गई, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और जहाज समुद्र में डुब गया।

## मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत को किस बात पर आया गुस्सा ! सीधे CBI से कर दी एक्शन की मांग

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत में गुरुवार को एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने पूरी न्यायपालिका को झकझोर कर रख दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्य कांत ने 'काला कोट' पहनने वाले उन फर्जी लोगों के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया है, जो बिना सही योग्यता के कानून के इस पवित्र पेशे में घुसपैठ कर चुके हैं। सीजेआई ने न केवल फर्जी डिग्रियों पर चलने वाले हजारों वकीलों पर सवाल उठाए, बल्कि स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब सीबीआई (CBI) को ऐसे लोगों की कुंडली खंगालने की जरूरत है। अदालत का यह सख्त तेवर तब देखने को मिला जब एक वकील द्वारा दायर की गई अवमानना



याचिका पर सुनवाई चल रही थी।

**CJI की फटकार,CBI जांच का अल्टीमेटम :** सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत का गुस्सा तब सातवें आसमान पर पहुंच गया जब उन्होंने न्यायपालिका की शुचिता पर टिप्पणी की।उन्होंने कहा, "काले कोट पहने हजारों ऐसे फर्जी लोग अदालतों में घूम रहे हैं, जिनकी एलएलबी डिग्रियों पर गंभीर संदेह है। यह न्याय व्यवस्था के लिए किसी कैंसर से कम नहीं है।" सीजेआई ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वे बस एक 'उचित मामले' का इंतजार कर रहे हैं, जिसके बाद वे दिल्ली के वकीलों की संदिग्ध डिग्रियों के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश जारी करने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने इन लोगों को 'परजीवी' करार देते हुए कहा कि ये न्यायपालिका पर अंदर से हमला कर रहे हैं।

**या न्याय में भागीदारी?:** इसी दौरान बेंच में शामिल जस्टिस जॉयमाला बागची ने भी वकीलों की मंशा पर कड़े सवाल दागे। उन्होंने 'सीनियर एडवोकेट' के पद को लेकर चल रही होड़ पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या यह टैग सिर्फ एक 'स्टेटस सिंबल' है जिसे लोग सजाकर रखने के लिए पाना चाहते हैं, या फिर यह वास्तव में न्याय व्यवस्था में आपकी गंभीरता और भागीदारी को दर्शाता है? अदालत ने साफ कर दिया कि सीनियर पद कोई इनाम नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी है जिसके लिए आचरण और अनुशासन पहली शर्त है।

**याचिकाकर्ता वकील की क्लास:** विवाद की शुरुआत तब हुई जब एक वकील ने दिल्ली हाई कोर्ट के खिलाफ अवमानना याचिका दायर कर दी। याचिकाकर्ता का आरोप था कि हाई कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट बनाने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन्स को लागू करने में देरी की है। इस पर सीजेआई भड़क गए और वकील को फटकार लगाते हुए कहा, "पूरी दुनिया इस पद के लिए पात्र हो सकती है, लेकिन आपके व्यवहार और फेसबुक पर आपकी भाषा को देखते हुए, आप तो कम से कम नहीं।

## अगली जंग हम ड्रोन और रोबोट्स से लड़ेंगे, तेजी से चल रही है तैयारी, बोले एयरफोर्स चीफ

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि ड्रोन, अनमैन्ड एरियल सिस्टम (UAS) और काउंटर-UAS तकनीक ने आधुनिक युद्ध की पूरी तस्वीर बदल दी है. युद्ध अब एक ही जगह सेंट्रलाइज्ड एयर पावर से हटकर बदल रहा है. ऑटोनॉमस मॉडल की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने दिल्ली में CAPSS-IMR जॉइंट सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि ड्रोन भविष्य नहीं, बल्कि आज की हकीकत हैं. एयर चीफ मार्शल सिंह ने स्पष्ट किया कि आज के युद्ध में ड्रोन सिर्फ निगरानी का



साधन नहीं रहे हैं. वे अब आक्रमण करने वाले हथियार बन चुके हैं। ड्रोन इसलिए सफल हो रहे हैं क्योंकि उनमें एयर पावर की सारी अच्छी खूबियां हैं - कम खर्च, कम जोखिम और लंबे समय तक काम करने की क्षमता. उन्होंने कहा कि युद्ध अब मानव जीवन को कम जोखिम में डालकर लड़ा जा सकता है. यही वजह है कि दुनिया भर के देश ड्रोन पर भारी निवेश कर रहे हैं।

एयरफोर्स चीफ ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए बताया कि भारत ने इसमें अच्छा प्रदर्शन किया. इसके पीछे अलग-अलग एजेंसियों और सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय था. उन्होंने कहा कि IACCS (Integrated Air Command and Control System) इस पूरे अभियान का नर्व सेंटर बना। उन्होंने कहा कि हम सफल हुए क्योंकि दुश्मन के कोई भी हथियार या UAS अपने टारगेट तक नहीं पहुंचे. यह तभी संभव हुआ जब हमने पूरी तरह एकीकृत और समन्वित तरीके से काम किया. बिना केंद्रीय समन्वय के यह सफलता असंभव होती।

**काउंटर-यूएएस: बिल्ली-चूहे का खेल:** भारतीय वायु सेना के चीफ एयर मार्शल सिंह ने काउंटर-UAS (ड्रोन रोकने वाली) तकनीक को बिल्ली-चूहे का खेल बताया. इसमें एक तरफ हमला होता है तो दूसरी तरफ नई रोकथाम की तकनीक विकसित हो जाती है. उन्होंने कहा कि किसी एक पक्ष को कुछ समय के लिए फायदा हो सकता है, लेकिन यह फायदा स्थाई नहीं रहता. इसलिए भारत को लगातार नई तकनीक विकसित करने और पुराने को अपग्रेड करने की जरूरत है।

**महंगे डिफेंस vs सस्ते ड्रोन: टारगेट की कीमत सबसे जरूरी:** सस्ते ड्रोन और महंगे डिफेंस सिस्टम की बहस पर एयर चीफ ने कहा कि बचाए जाने वाले लक्ष्य की अहमियत हमेशा हमलावर ड्रोन की कीमत से ज्यादा होती है. कुछ टारगेट्स इतने महत्वपूर्ण होते हैं कि खर्च की चिंता कम हो जाती है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर फिर गरमाई बहस

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** देश में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर बहस एक बार फिर तेज हो गई है. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी और सुखबिंदर सिंह संधू की नियुक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान तीखी टिप्पणी की. अदालत ने सवाल उठाया कि जब चयन समिति में प्रधानमंत्री और एक कैबिनेट मंत्री दोनों सरकार की ओर से होंगे, तो विपक्ष के नेता की भूमिका कितनी प्रभावी रह जाएगी. सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति



नई कानूनी व्यवस्था के तहत पहली बार हुई है. यही वजह है कि यह मामला संवैधानिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बन गया है।

**क्या है पूरा मामला?:** दरअसल, चुनाव आयोग की निष्पक्षता और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं. इसी संदर्भ में मामला

### ■ सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद चर्चा में आए ज्ञानेश कुमार

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था. सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में एक अहम फैसला दिया था. अदालत ने कहा था कि जब तक संसद इस विषय पर कोई कानून नहीं बनाती, तब तक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक विशेष समिति की सिफारिश पर की जाएगी. सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई उस अंतरिम समिति में तीन सदस्य शामिल किए गए थे- प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश या उनके द्वारा नामित न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता. अदालत का तर्क था कि इस व्यवस्था से नियुक्ति प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष और संतुलित दिखाई देगी।

**फिर सरकार ने बनाया नया कानून:** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार ने दिसंबर 2023 में संसद से नया कानून पारित कराया. इस कानून के तहत नियुक्ति समिति की संरचना बदल दी गई. नई व्यवस्था में समिति के सदस्य बनाए गए- प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक कैबिनेट मंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता. यानी मुख्य न्यायाधीश को समिति से बाहर कर दिया गया. इसी नई व्यवस्था के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी वाली समिति ने ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया।

**सुप्रीम कोर्ट ने अब क्या सवाल उठाए?:** मामले की ताजा सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि यदि समिति में प्रधानमंत्री और कैबिनेट मंत्री दोनों सरकार की ओर से होंगे, तो विपक्ष के नेता की भूमिका क्या रह जाएगी? अदालत ने संकेत दिया कि ऐसी स्थिति में निर्णय स्वाभाविक रूप से सरकार के पक्ष में झुक सकता है क्योंकि प्रधानमंत्री और कैबिनेट मंत्री अलग-अलग राय रखने की स्थिति में नहीं माने जाते. यही इस पूरे विवाद का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है. याचिकाकर्ताओं का कहना है कि समिति में दो सदस्य सरकार के होने से चयन प्रक्रिया में संतुलन नहीं रह जाता और विपक्ष की भूमिका केवल औपचारिक बनकर रह जाती है।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मनाया 'नो व्हीकल डे

**लोकतंत्र की आवाज**

**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना ।** देश में बढ़ते पेट्रोलियम संकट और ईंधन बचत की जरूरत के बीच और पीएम नरेंद्र मोदी की अपील के बाद बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को एक अलग मिसाल पेश की। मुख्यमंत्री ने बड़ा फैसला लेते हुए 'नो व्हीकल डे' पर अपने सरकारी आवास एक अणे मार्ग से पैदल ही सचिवालय पहुंच कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। तेज धूप के बावजूद उनके साथ अधिकारी और सचिव भी पैदल चलते नजर आए। रास्ते में मुख्यमंत्री ने लोगों का अभिवादन भी स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री पहले ही लोगों से सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने और ईंधन बचाने की अपील कर चुके हैं। अब



### ■ सरकारी आवास से पैदल पहुंचे सचिवालय

उन्होंने खुद उसी संदेश पर अमल कर यह दिखाने की कोशिश की कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव से बड़े स्तर पर ऊर्जा बचत संभव है। इससे पहले मुख्यमंत्री अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम कर चुके हैं और इलेक्ट्रिक कार के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दे रहे हैं। बिहार सरकार के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि भी अब सार्वजनिक परिवहन और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। सरकार इसे सिर्फ एक प्रतीकात्मक पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी के जरिए ऊर्जा संकट, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में बड़ा संदेश मान रही है।

## अडानी को बचाने के लिए देश का सौदा'? राहुल गांधी ने PM Modi पर बोला बड़ा हमला, पेट्रोल-डीजल महंगा होते ही कांग्रेस बोली-वसूली शुरु

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** कांग्रेस ने अडानी मामले और बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि अमेरिका के साथ हुआ व्यापार समझौता असल में 'अडानी की रिहाई का सौदा' था। कांग्रेस का कहना है कि सरकार एक तरफ अंतरराष्ट्रीय दबाव में झुक रही है और दूसरी तरफ आम जनता पर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाकर बोझ डाल रही है।

अडानी को बचाने को अहमियत दी

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी को 'कंप्रोमाइज्ड पीएम'



### मोदी की वसूली शुरु हो गई है

इतना ही नहीं आज देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में 3-3 रुपये की भारी बढ़ोतरी कर दी गई है। इस पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधा है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पीएम को 'महंगाई मैन' करार देते हुए कहा कि "चुनाव खत्म होते ही मोदी की वसूली शुरू हो गई है।" Petrol Diesel Price Today कांग्रेस का आरोप है कि जनता को राहत देने के बजाय सरकार उन पर बोझ डाल रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने सोशल मीडिया पर लिखा को गलती मोदी सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी।₹3 का झटका आ चुका,बाकी वसूली क़िस्तों में की जाएगी।

बताते हुए कहा कि उन्होंने देश के हितों की जगह अडानी को बचाने को अहमियत दी। इसके साथ ही, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की बढ़ती कीमतों को 'मोदी सरकार का बनाया संकट' करार दिया। खड़गे का कहना है कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान और आम जनता महंगाई की चक्की में पिस रहे हैं। दरअसल पूरा मामला अमेरिकी सुरक्षा आयोग (SEC) की उस जांच से जुड़ा है, जिसमें गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने की साजिश का आरोप लगा था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट कहती है कि अब ट्रंप प्रशासन इन आरोपों को पूरी तरह हटाने की योजना बना रहा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में आकर ही 10 मई 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' को अचानक रोक दिया गया।

## घूस लेते पकड़े गए अधिकारी तो बना नया नियम ! अब फरियादियों को बिना मोबाइल जाना होगा MCD ऑफिस

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** भ्रष्टाचार के आरोपों और सीबीआई की कार्रवाई से चर्चा में आए एमसीडी (मुंसिपल कॉरपोरेशन ऑफ दिल्ली) के शाहदरा उत्तरी जोन में एक अजीबोगरीब फरमान लागू किया गया है। अब अगर कोई आम नागरिक अपनी समस्या लेकर उपायुक्त (DC) से मिलने जाता है, तो उसे अपना मोबाइल फोन दफ्तर के बाहर ही जमा कराना होगा। इस नए नियम ने निगम की कार्यशैली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**भ्रष्टाचार के दाग और मोबाइल पर पाबंदी :** बता दें कि लगभग डेढ़




महीने पहले इसी जोन के तत्कालीन उपायुक्त अभिषेक मिश्रा और प्रशासनिक अधिकारी दिव्यांशु गौतम को सीबीआई ने 4 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इस घटना के कुछ ही दिन बाद एक निलंबित सहायक सैनिटरी इंस्पेक्टर ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी थी, जिसने सुसाइड नोट में अधिकारियों पर बहाली के बदले रिश्वत मांगने के आरोप लगाए थे। इन घटनाओं के बाद नई उपायुक्त ममता यादव की तैनाती हुई, लेकिन सुधार के बजाय अब फरियादियों की आवाज़ दबाने की कोशिश के आरोप लग रहे हैं।

**क्यों जमा कराए जा रहे मोबाइल?:** उपायुक्त कार्यालय के बाहर मोबाइल जमा करने की जिम्मेदारी पीए रणधीर कुमार को सौंपी गई है। इस विवाद पर उपायुक्त ममता यादव का तर्क है कि कई लोग ऑफिस के अंदर मोबाइल लाकर रिकॉर्डिंग करने लगते हैं, जिसे रोकने के लिए यह नियम बनाया गया है। हालांकि, लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर बंद कमरे की बातचीत को रिकॉर्ड होने से इतना डर क्यों है?

**पूर्व मेयर ने घेरा, बताया 'तानाशाही':** इस नियम का विरोध अब राजनीतिक स्तर पर भी शुरू हो गया है। पूर्व महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने एक वीडियो जारी कर इस कदम को 'तानाशाही' करार दिया है। उन्होंने कहा कि जब एमसीडी कमिश्नर से मिलने के लिए मोबाइल जमा नहीं करवाना पड़ता, तो एक जोन की उपायुक्त ऐसा नियम कैसे बना सकती हैं? यह जनता की आवाज को दबाने और भ्रष्टाचार को छिपाने की कोशिश है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजली चोरी में 1.89 लाख जुर्माना, प्राथमिकी

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:-वारिसलीगंज विद्युत आपूर्ति के छापामार दल के द्वारा मंगलवार को पैंगरी गांव में चोरी से बिजली उपयोग कर आटा चक्की मिल चला रहे आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई। चोरी से बिजली उपयोग कर रहे रहे आरोपी के विरुद्ध सहायक विद्युत अभियंता राजीव रंजन द्वारा एक लाख 89 हजार 207 रुपया का जुर्माना के साथ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि गुप्त सुचना मिली कि थाना क्षेत्र के पैंगरी गांव निवासी द्वारा जान बुझकर इनकमिंग सर्विस वेयर कडक्ट से हटाकर अतिरिक्त थ्री फेज मोटर से आटा चक्की चलाकर बिजली का उपयोग किया जा रहा है।

### बेहतर शिक्षा से ही बनेगा विकसित बिहार:चितरंजन



**वजीरगंज।** वजीरगंज विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी चितरंजन कुमार उर्फ चिंटू भईया ने गुरुवार को शिक्षा मंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। मुलाकात में बिहार की शिक्षा व्यवस्था, युवाओं के भविष्य और समग्र विकास पर चर्चा हुई। चितरंजन कुमार ने कहा कि मंत्री के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था मजबूत हो रही है और आगे स्कूल-कॉलेजों में गुणवत्ता और सुधरेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें सही मार्गदर्शन, आधुनिक संसाधन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले तो वे देशभर में नाम रोशन करेंगे। रोजगारपरक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधा बढ़ाने पर भी बात हुई। चितरंजन ने कहा कि शिक्षा समाज की सबसे मजबूत नींव है। मजबूत शिक्षा से ही विकसित बिहार बनेगा। उन्होंने मंत्री के सफल कार्यकाल की कामना की। क्षेत्र के लोगों ने इस मुलाकात को युवाओं के लिए सकारात्मक पहल बताया।

### इसलामपुर में प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली, हालत गंभीर



**इसलामपुर।** नगर में गुरुवार की रात अपराधियों ने एक प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारकर इलाके में दहशत फैला दी। घटना धमौली मुख्य सड़क मार्ग पर सुभाष हाई स्कूल मैदान के समीप रात करीब नौ बजे हुई। घायल की पहचान खुदागंज थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी राजीव कुमार के रूप में हुई है, जो इसलामपुर में रहकर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं।बताया जाता है कि राजीव कुमार बाइक से बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने उनकी बाइक रुकवाकर बेहद नजदीक से फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। फायरिंग की आवाज सुन आसपास के लोग जुट गए, जबकि अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक स्थिति में पटना रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। डीएसपी कुमार ऋषि राज ने बताया कि मामले में चार नामजद समेत अन्य अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा जमीन विवाद, आपसी रंजिश और पेशागत दुश्मनी के बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# सूचना अधिकार कार्यकर्ता को जनता दरबार में डीएम ने दी धमकी , मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग

लोक तंत्र की आवाज



**नवादा।** जन शिकायत के निपटारे के लिए शुक्रवार को नवादा समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को सूचना अधिकार कार्यकर्ता प्रणव कुमार चर्चिल ने डीएम की शिकायत डीएम से ही करते हुए कहा कि आपने तथा अपर समाहर्ता , वरीय उप समाहर्ता राजकुमार ,उप विकाश आयुक्त तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने अपने सरकारी मोबाइल मेरे मोबाइल नंबर से संचार के लिए ब्लॉक कर दिया है ।जो गैर कानूनी तथा अनुशाससन के खिलाफ है ।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन में 50 से भी अधिक भ्रष्टाचार के मामले लंबित हैं ।जिसकी जांच के लिए मैं जिलाधिकारी सहित विभिन्न अधिकारियों को व्हाट्सएप मैसेज किया करता था। जांच से बचने तथा भ्रष्टाचारियों को संरक्षित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सहित उनके मातहत अधिकारियों ने मेरा मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर दिया ।जब इसकी शिकायत जिला अधिकारी के जनता दरबार में की ।तो उन्होंने अपने गार्ड से मेरा मोबाइल छीनवा लिया तथा मुझे बर्बाद कर देने की धमकी दी। 15 मई 2026 को आयोजित जिलाधिकारी के जनता दरबार में श्री चर्चिल द्वारा दिए गए शिकायत की क्रमांक 692 है। जिसमें स्पष्ट रूप से जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त , अपर समाहर्ता, वरीय उल समाहर्ता राजकुमार द्वारा उनकी जनहित शिकायतों को अस्वीकार करने तथा भ्रष्टाचारियों को संरक्षित करने की नीयत से मोबाइल बंद कर दिया गया है। इसकी शिकायत करने पर डीएम ने बर्बाद करने की धमकी दी है ।।सूचना अधिकार कार्यकर्ता ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा बिहार के मुख्य सचिव को त्राहिमाम संदेश भेज कर अधिकारियों के भ्रष्ट सवैया पर अंकुश लगाने तथा भ्रष्टाचार से समझौता नहीं करने की अपने घोषणाओं पर काम करने का आग्रह किया है ।उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने कार्रवाई नहीं किया तो वह पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने नवादा के जिलाधिकारी पर भ्रष्टाचारियों का सबसे बड़ा संरक्षक बताते हुए उनके क्रियाकलापों की जांच की भी मांग की है।

# पूर्व मुखिया अरविंद मिश्रा ने नंगे पैर आंदोलन किया शुरू, 30वे दिन भी जारी



लोक तंत्र की आवाज

**नवादा** जिले के ओडो पंचायत के पूर्व मुखिया और नंगे पैर आंदोलनकारी अरविंद मिश्रा ने कोदो स्टेशन पर जनहित सुविधा बहाल करने तथा सभी ट्रेनों को उथराव करने के उद्देश्य नंगे पैर आंदोलन शुरू किया है। उन्होंने संकल्प लिया है कि सैकड़ो लोगों के साथ जब तक मांगे पूरी नहीं होगी नंगे पैर रहेंगे चाहे जिंदगी क्यों ना बीत जाए। नंगे पैर आंदोलन का 30 दिन हो गए हैं, लेकिन रेलवे विभाग कुंभकरण की निद्रा में सोया हुआ है। जबकि नवादा के सांसद विवेक ठाकुर, नवादा के विधायक विभा देवी द्वारा रेल मंत्री भारत सरकार को और डीआरएम दानापुर को भेजे गए पत्र के बाद भी अभी तक रेलवे विभाग ने ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराब हेतु कोई सकारात्मक पहल नहीं दिखाया है, मिश्रा ने कहा कि दो दफा रेल मंत्री वैष्णवी और डीआरएम दानापुर को भी रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेज कर ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव हेतु, और ओवर ब्रिज, और पुल निर्माण, के साथ ही साथ ओडो स्टेशन पर पानी की समस्या शौचालय और यात्री शेड के समाधान की भी मांग थी, लेकिन रेलवे विभाग सदैव इस क्षेत्र के लिए और ओडो स्टेशन के समस्याओं को नजर अंदाज करता रहा है,, जिससे इस क्षेत्र की जनता में रेल विभाग पर और प्रतिनिधियों पर भी आक्रोश रहा है , बार-बार पत्राचार करने के बाद भी रेलवे विभाग द्वारा जनता के समस्याओं के समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाने के वजह से मैंने निर्णय लिया कि संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर जी की जन्म तिथि 14 अप्रैल 20 26 के शुभ अवसर पर मैं नंगे पैर चलते हुए आंदोलन कर रेलवे विभाग और जनप्रतिनिधियों को भी ध्यान आकृष्ट कर जनता की समस्याओं को समाधान करवाऊं गा। उन्होंने कहा कि जान देकर भी जनता को उनका हक दिला कर ही रहूंगा । अरविंद मिश्रा ने चेतावनी दी है कि अगर जनहित की मांगे नहीं मानी गई तो सैकड़ो कार्यकर्ता स्टेशन पर आत्मदाह कर लेंगे। उनके आंदोलन को इलाके में व्यापक जन समर्थन भी मिल रहा है।

# नवाबगंज के होटल में आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख

लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला नवादा-** थाना क्षेत्र के नवाबगंज मोड़ स्थित एक चाय, नाश्ता एवं मिठाई की दुकान में बुधवार की देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना रात करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं उठता देखा तो तत्काल मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे तथा ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने से दुकान मालिक को भारी आर्थिक क्षति हुई है।



दुकान नवाबगंज गांव निवासी नरेश प्रसाद यादव की बताई जा रही है। पीड़ित दुकानदार के अनुसार आग में मिठाई, खाद्य सामग्री, बर्तन समेत अन्य सामान जल गया, जिससे करीब 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# स्नातक सेमेस्टर 2 की परीक्षा शुरू,सड़क हो रहा जाम, लोग परेशान

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:-वारिसलीगंज बाजार स्थित दो तथा दोसुत स्थित स्नातक स्तरीय एक कॉलेज में सेमेस्टर 2 की परीक्षा बुधवार से शांतिपूर्वक शुरू हो गई। वहीं परीक्षा समाप्त होने के बाद सीएचसी से थाना चौक तक लगभग 1 घंटे तक भयंकर जाम लग जाता है। जिस कारण लोगों को पैदल पार करना भी मुश्किल हो जाता है।बता दे की वारसलीगंज बाजार स्थित एसएन सिन्हा कॉलेज में कन्हाई लाल साहू कॉलेज नवादा के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। जबकि महिला महाविद्यालय में रविकांत पुनम कॉलेज दोसुत के तथा रविकांत पुनम डिग्री कॉलेज में एसएन सिन्हा और महिला महाविद्यालय के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। एस एन सिन्हा कॉलेज थाना चौक के पास स्थित है।जिसके सामने ही



सीएचसी व पंजाब नेशनल बैंक अवस्थित है।परीक्षा के समाप्त होने के बाद सीएचसी से थाना चौक तक भयंकर जाम लग जाता है। जिसे हटाने के लिए पुलिस बल को मौके पर पहुंचना पड़ता है। इस दौरान सीएचसी से आ रहे हैं या जा रहे हैं एंबुलेंस भी जाम में देर तक फंसी रहती है। बता दें कि मंगलवार को सेमेस्टर 4 की परीक्षा समाप्त हुई और बुधवार से सेमेस्टर 2 की परीक्षा शुरू हो गई है। इसी प्रकार मात्र कुछ दिनों में सेमेस्टर 6 की परीक्षा शुरू होनी है। लगातार हो रही परीक्षा के कारण हर रोज जाम लग रही है। जिसे जानबूझकर भी प्रशासनिक अधिकारी उदासीन रह रहे हैं। जिस कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन स्थानों पर जाम का बड़ा कारण सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों का अतिक्रमण है। जिसे हटाने में प्रशासन की कोई दिलचस्पी नहीं है। वहीं एस एन सिन्हा कॉलेज मुख्य सड़क से मात्र कुछ फासले की दूरी पर स्थित है।उस रास्ते में परीक्षार्थियों तथा अभिभावकों द्वारा बाइक को जैसे तैसे तरीके से खड़ा कर दी जाती है। जिस कारण विद्यार्थियों को आने-जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। जबकि पूर्व में आयोजित परीक्षा के दौरान कॉलेज जाने वाले वाली गली के मुहाने पर बास बल्ला लगा दिया जाता था। जिस कारण बाइक बगल में पीडब्ल्यूडी डाक बंगला तथा सीएचसी के मैदान में खड़ी किया जाता था। जिस कारण विद्यार्थी तथा गली में रह रहे लोगों तथा विद्यार्थियों को पैदल आने जाने में परेशानी नहीं होती थी। इस संबंध में पूछे जाने पर एस एन सिन्हा के परीक्षा नियंत्रक डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले परीक्षा के दौरान लगाया गया बास अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। जिस कारण कॉलेज की गली में बाइक रोकने के लिए इस बार बास नहीं लगाया गया है।

# कार्रवाई नहीं होने से गलत तरीके से चल रहे हैं कई अल्ट्रासाउंड केंद्र

लोकतंत्र कीआवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय में कई अल्ट्रासाउंड केंद्र चल रहे हैं। यह अलग बात है कि इन साई अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालक अल्ट्रासाउंड केंद्रों के रजिस्टर्ड होने की बात करते हैं, लेकिन जब भी अधिकारियों द्वारा इसकी जांच की जाती है तो अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉक्टर इन केंद्रों पर नहीं मिलते हैं। अप्रैल माह में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा दो बार अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच की गई। दोनों ही बार केवल जनता डायग्नोस्टिक सेंटर में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. इकबाल अहमद मिले। बाकी सभी जगह पर डॉक्टर नदारद मिले। जानकार बताते हैं कि अगर इन केंद्रों पर डॉक्टर नहीं रहते हैं, तब केंद्र नहीं खुले रहने चाहिए। जानकारों की माने तो इसकी सघन जांच होनी चाहिए कि आखिर इन केंद्रों को किस आधार पर




रजिस्ट्रेशन मिला है जब इन केंद्रों में डॉक्टर ही नहीं हैं। अगर डॉक्टर होते तो दोनों बार अधिकारियों के जांच के समय क्यों उपस्थित नहीं पाए गए। अस्पताल रोड स्थित एक साई अल्ट्रासाउंड केंद्र के एक कर्मी ने बताया कि बेगूसराय से डॉ.आरती कुमारी अल्ट्रासाउंड करने आती है। जब पत्रकारों ने पूछा कि प्रतिदिन आती है तो बताया गया कि मरीज के आने पर आती है। सोचने वाली बात है कि जब मरीज आएगा तो डॉक्टर को सूचना दिया जायेगा। इसके बाद डॉक्टर बेगूसराय से आएंएंगीं। चर्चा यह है कि अल्ट्रासाउंड किसी अनट्रेंड एवं बिना डिग्रीधारी द्वारा किया जाता है। हाल के महीनों में पकरीबरावां थाना परिसर में हुए शांति समिति की बैठक में समाजसेवी विश्वनाथ यादव ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों द्वारा लिंग परीक्षण का मामला उठाया था। कहा था कि पकरीबरावां में लिंग परीक्षण कर भ्रूण हत्या की जा रही है। इसकी जांच की मांग की गई थी। दो बार अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच की गई है। लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होने से बिना डॉक्टर वाले केंद्र भी संचालित हो रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम से इसकी जांच कराने की मांग कर रहे हैं।

# बिहारशरीफ : सदर अस्पताल में महिला की मौत पर बवाल, तोड़फोड़ के बीच भागे डॉक्टर-कर्मी

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल बिहारशरीफ में गुरुवार को एक महिला मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा और तोड़फोड़ हुई। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोशित परिजनों ने इमरजेंसी वार्ड में बवाल किया। स्थिति ऐसी बन गई कि डॉक्टर, कंपाउंडर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी अस्पताल छोड़कर चले गए, जिससे इलाज व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई।जानकारी के अनुसार बड़ी पहाड़ी मोहल्ला निवासी स्वर्गीय कृष्णा प्रसाद की पत्नी सीढ़ी से गिरकर घायल हो गई थीं। परिजन उन्हें इलाज के लिए मॉडल अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जाता है कि महिला होश में थीं और सामान्य बातचीत कर रही थीं। परिजनों का आरोप



है कि डॉक्टर की सलाह पर कंपाउंडर ने महिला को टीटी और दर्द का इंजेक्शन दिया, जिसके कुछ ही देर बाद उनकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई।महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन भड़क उठे और इमरजेंसी वार्ड में हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में ही अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ की गई। घटना के बाद काफी देर तक अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बना रहा।अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि घटना के समय डॉ. इरफान की ड्यूटी थी। सूचना मिलने पर जब वे अस्पताल पहुंचे तो ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वहां से जा चुके थे। उन्होंने माना कि संबंधित डॉक्टर को इमरजेंसी ड्यूटी का पर्याप्त अनुभव नहीं था और मरीज को छोड़कर नहीं जाना चाहिए था।इधर, इसी दौरान अस्पताल में करंट से झुलसे एक बिजली मिस्त्री को लेकर भी विवाद हुआ। सुरक्षा गार्ड और बिजली विभाग के कर्मियों के बीच कहासुनी व मारपीट की बात सामने आई। लगातार हुई दो घटनाओं ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# ‘कोचिंग नहीं, सिर्फ 5 घंटे की पढ़ाई’ गया की माही ने सीबीएसइ 12वीं कॉमर्स में किया कमाल, 500 में 499 अंक लाकर बढ़ाया जिले का मान, पार्षद ने किया सम्मानित

लोक तंत्र की आवाज

**गयाजी।** गया शहर की बेटी माही ने अपनी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर ऐसा मुकाम हासिल किया है, जिस पर पूरे जिले को गर्व हो रहा है। गया शहर के ढोलकिया गली निवासी कपड़ा व्यवसायी मनोज कुमार की पुत्री माही ने सीबीएसई 12वीं कॉमर्स परीक्षा में 500 में 499 अंक प्राप्त कर देशभर की टॉपर सूची में अपनी जगह बनाई है। माही की इस शानदार सफलता के बाद उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और पूरे मोहल्ले में जश्न का माहौल है। वार्ड पार्षद मुन्नी देवी अपने समर्थकों और मोहल्लेवासियों के साथ गुलदस्ता, शिल्ड मेडल, फूल-मालाएं और मिठाइयां लेकर माही के घर पहुंचीं। वहां माही को गुलदस्ता और शील्ड मेटल से सम्मानित किया गया और मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस दौरान पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। वार्ड पार्षद मुन्नी देवी ने कहा कि माही ने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे गया शहर का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों में भी अगर छात्र मेहनत और लगन से पढ़ाई करें तो बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। माही आज क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। माही ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और कभी किसी प्रकार का दबाव नहीं बनाया।



माही ने बताया कि वह रोजाना निर्धारित समय पर पढ़ाई करती थीं और सोशल मीडिया तथा अनावश्यक चीजों से दूरी बनाकर रखती थीं। उनका मानना है कि पढ़ाई में निरंतरता और आत्मविश्वास सबसे जरूरी होता है। माही के पिता मनोज कुमार ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उन्होंने कहा कि माही ने कभी समय बर्बाद नहीं किया और हमेशा अपने लक्ष्य पर फोकस रखा। बेटी की इस उपलब्धि से पूरा परिवार बेहद खुश और गौरवान्वित है। वहीं उनकी मां भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि बेटी की मेहनत आज रंग लाई है और यह पल उनके जीवन का सबसे बड़ा सुखद क्षण है।

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि माही की सफलता ने पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति नया उत्साह पैदा किया है। कई छात्र-छात्राएं अब उनसे प्रेरणा लेकर मेहनत करने की बात कह रहे हैं। लोगों ने कहा कि माही ने यह साबित कर दिया कि सफलता पाने के लिए महंगी कोचिंग नहीं बल्कि सच्ची लगन और मेहनत जरूरी होती है। अब माही आगे चलकर कॉमर्स क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई करना चाहती हैं। उनकी इस शानदार सफलता ने गया जिले को एक नई पहचान दी है और आने वाले समय में वह हजारों छात्रों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन सकती हैं।

# संत जॉन्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने 12वीं परीक्षा में लहराया परचम

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:-वारिसलीगंज नगर परिषद के मेंन रोड पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित संत जॉन्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी (बारहबीं) परीक्षा 2026 में एक बार फिर शानदार सफलता हासिल कर जिले में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम गौरवान्वित किया।विद्यालय का परीक्षा परिणाम संतोषजनक एवं प्रेरणादायक रहा,जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।विद्यालय के मेधावी



विद्यार्थियों में सत्यम राज ने 83.2% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं प्रतिक राज ने 81.8% के साथ द्वितीय और खुशी कुमारी ने 74.6% अंक पाकर तृतीय स्थान हासिल किया।विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन किया।स्कूल के निदेशक बिपीन कुमार व सुनील कुमार, एवं प्राचार्य संतोष कुमार ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। निदेशक बिपीन कुमार ने कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि पूरे स्कूल परिवार की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। हमारे छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं।मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया।एवं सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई दिया।साथ ही विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की मेहनत की भी सराहना की।इस अवसर पर शिक्षकों सहित सभी ने खुशी व्यक्त की।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर शुगर मिल अधिकारियों ने गन्ना फसल का किया निरीक्षण




**रिपोर्ट आकांक्षा रानी**
धामपुर शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने नहटौर जोन के गांव शराय, खडसाल और गिदौरी समेत विभिन्न क्षेत्रों में बसंतकालीन गन्ना बुवाई तथा पेड़ी गन्ने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गन्ने में रेड रॉट प्रभावित प्लॉटों का जायजा लिया और किसानों को रोगिंग कराने के साथ अजोडेजो दवा का स्प्रे करने की सलाह दी। साथ ही संबंधित अधि कारियों को खेतों में लाइट ट्रैप और फेरोमोन ट्रैप लगाने के निर्देश दिए गए। सहायक उपाध्यक्ष ने कहा कि गन्ने की फसल में टॉप बोरर के प्रकोप को कम करने के लिए सीटीपीआर, नेटजन और बोलियम की ड्रैंचिंग कराना आवश्यक है। भ्रमण के दौरान एरिया मैनेजर सुरेंद्र सिंह, जोनल अधि ाकारी तथा फील्ड सुपरवाइजर विपिन कुमार और अरुण कुमार द्वारा किए गए सर्वे का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि गन्ने की अच्छी बढ़वार और उत्पादन के लिए अधि एक से अधिक क्षेत्र में एनपीके 20-20-20 का स्प्रे किया जाए।

### यूपी में 17 शहरों को मिलेंगी नई बसें, पीएम मोदी की अपील के बाद अब इवी की खरीद प्रक्रिया तेज होने के आसार




**रत्ना**
**लखनऊ।** प्रदेशभर में नगरीय परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इसी साल जनवरी में नगरीय परिवहन प्राधिकरण के प्रस्ताव पर मुहर लग चुकी है। 1225 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद की दिशा में पांच माह में कदम नहीं बढ़ाए जा सके हैं। शहरों में बसों की कमी से सार्वजनिक परिवहन जैसे-तैसे रेंग रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद अब इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद प्रक्रिया तेज होने के आसार हैं। असल में, शहरों में जगह-जगह जाम लग रहा, गंतव्य तक पहुंचने में कई जगह साधन बदलना पड़ रहा। यह नौबत इसलिए आइ क्योंकि सार्वजनिक आवागमन के साधन ही नहीं हैं। प्रदेश में 6000 से अधिक सिटी बसों की जरूरत है, इसके सापेक्ष सिर्फ 740 बसों से काम चलाया जा रहा है।

### टड़ियावा क्षेत्र में हरे पेड़ों का कत्लेआम, प्रतिबंधित गूलर-नीम पर चला आरा



**शिवम गुप्ता ब्यूरो चीफ हरदोई।**
हरदोई ।टड़ियावां क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला लगातार सामने आ रहा है। आरोप है कि वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से लकड़ी माफिया बेखौफ होकर हरियाली पर आरी चला रहे हैं। शुक्रवार सुबह थाना टड़ियावां क्षेत्र के ग्राम हरिपुरवा अमेठिया स्थित पंचायत भवन के पश्चिम में लकड़ी माफियाओं ने प्रतिबंधित गूलर के दो हरे-भरे पेड़ों को काट डाला। इससे पहले भी दो दिन पूर्व अमेठिया-कोटरा मार्ग के पास नीम के पेड़ों की बिना परमिट कटाई किए जाने का मामला सामने आया था ।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के कई गांवों में आम, गूलर और नीम जैसे प्रतिबंधित पेड़ों का लगातार अवैध कटान हो रहा है। लोगों ने सवाल उठाया कि प्रशासन की सख्ती के दावों के बावजूद आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। मामले पर वन दरोगा अभय पटेल ने बताया कि सूचना मिलने पर विभागीय गार्ड को मौके पर भेजकर कार्रवाई कराई गई है ।वहीं डीएफओ हरदोई ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी। यदि बिना परमिट पेड़ काटे गए हैं तो संबंधित रेंजर से रिपोर्ट तलब कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर जल्द ही फर्राटा भरेंगी रोडवेज बसें, महज 5 घंटे में तय होगा हरदोई से दिल्ली का सफर

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई।**
हरदोई। गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। परिवहन निगम हरदोई डिपो से गंगा एक्सप्रेसवे के माध्यम से दिल्ली तक नॉन स्टाप रोडवेज बस सेवा शुरू करने की तैयारी में जुट गया है। इसके लिए विभागीय स्तर पर सर्वे कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है।प्रस्तावित सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों का सफर पहले की तुलना में काफी तेज और सुविधाजनक हो जाएगा। हरदोई से दिल्ली की दूरी कम होने के साथ समय की बचत होगी। वर्तमान में 10 से 11 घंटे में पहुंचने वाली रोडवेज बसें महज पांच से छह घंटे में पहुंचेगी। इसके अलावा हरदोई से मेरठ और प्रयागराज के लिए रोडवेज बसें संचालित की जाएंगी।मेरठ से प्रयागराज तक के सफर के लिए गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया गया है, जिसकी दूरी 589 किलोमीटर निर्धारित है। वर्तमान में हरदोई बाया बरेली से दिल्ली की दूरी लगभग 440 किलोमीटर पड़ती है। इस मार्ग पर दिल्ली का किराया 638 रुपये है।गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए यह दूरी घटकर करीब 404 किलोमीटर रह जाएगी। इससे यात्रा समय में भी बड़ा बदलाव आएगा। अभी दिल्ली पहुंचने में करीब 10 से 11 घंटे लगते हैं, जबकि नई बस सेवा शुरू होने के बाद यह सफर महज पांच से छह घंटे के मध्य पूरा हो सकेगा।

**पश्चिमी यूपी जाने वाले यात्रियों को मिलेगी राहतः** परिवहन निगम केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि मेरठ और प्रयागराज के लिए भी नई बस सेवाएं शुरू करने की तैयारी में है। हरदोई से मेरठ तक सीधी रोडवेज बस सेवा शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।मेरठ की दूरी करीब 354 किलोमीटर निर्धारित है और यह सफर लगभग चार घंटे में पूरा होने का अनुमान है। इसी प्रकार हरदोई से प्रयागराज के लिए भी नई बस सेवा शुरू करने की तैयारी है। अभी हरदोई बाया लखनऊ से प्रयागराज के लिए रोडवेज बस संचालित होती हैं, जिससे यात्रियों को अधिक समय लगता है।गंगा एक्सप्रेसवे के माध्यम से हरदोई से प्रयागराज तक रोडवेज बस संचालन किया जाएगा। इसके तहत करीब 283 किलोमीटर का सफर करीब चार घंटे में पूरा होगा, जिससे प्रयागराज पहुंचने वाले यात्रियों का सफर सुहाना होगा। नई बस सेवाओं का उद्देश्य यात्रियों को कम समय में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। गंगा एक्सप्रेसवे के चालू होने से प्रदेश के विभिन्न शहरों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सर्वे रिपोर्ट पूरी होने के बाद जल्द ही बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। रोडवेज बसों के संचालन का समय भी जल्द निर्धारित होगा।

## बिजनौर के नहटौर में दो शव मिलने से हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**
नहटौर क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटनाओं के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है। पहली घटना में डूडाखेड़ी गांव स्थित एक आम के बाग में पेड़ से लटकता हुआ एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान अंकुश सैनी पुत्र राकेश सैनी के रूप में हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू कलह के चलते आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना बालापुर गांव के पास नहर में सामने आई, जहां पानी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर, ब्यूटीशयन की मौत, एक घायल

लोकतंत्र की आवाज



शिवम गुप्ता ब्यूरो चीफ हरदोई। बघौली थाना क्षेत्र मे बघौली प्रतापनगर मार्ग पर डबल नहरिया समीप ट्रैक्टर ने कार मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार मे सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना लाइ। जहा पर चिकत्सको ने महिला को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही युवक का प्राथमिक उपचार जारी है। बघौली थाना क्षेत्र के नीभी गांव निवासी कोमल देवी पत्नी रोहित सिंह बघौली मे ब्यूटी पार्लर की दुकान खोल रखी है।ब्रहस्पतिवार को यह अपने पति रोहित के साथ झब्बूखेड़ा गांव मे एक दुल्हन को तैयार कर रात डेढ़ बजे यह कार से अपने घर लौट रही थीं।बघौली थाना क्षेत्र मे बघौली प्रतापनगर मार्ग पर डबल नहरिया समीप ट्रैक्टर ने कार मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार मे सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना लाइ। जहा पर चिकत्सको ने महिला को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही युवक का प्राथमिक उपचार जारी है।

## बिजनौर विवाह समारोह में तमंचा लहराने वाला युवक तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**किरतपुर।** दिन रविवार को निकटवर्ती गांव बूढ़पुर नैनसिंह के रहने वाले अनिकेत पुत्र सोम सिंह की बारात गांव ज्वाला चंडी गई थी जहां पर उन्हीं के गांव के रहने वाले नीतीश के साथ गांव के ही दो भाइयों का विवाद हो गया जहां पर दोनों भाइयों ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ नीतीश के साथ मारपीट शुरू कर दी मारपीट के दौरान नीतीश का दोस्त गौतम निवासी अंबेडकर नगर किरतपुर उसको बचाने आया जिसके साथ भी मारपीट की गई मारपीट के दौरान एक युवक द्वारा अवैध तमंचा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया मारपीट में नीतीश और उसका दोस्त गौतम घायल हो गए जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले तमंचा लहराने वाले युवक वहां से फरार हो गए अनिकेत द्वारा गांव के दो भाइयों नीरज और कुणाल पुत्र मनोज निवासी गांव बूढ़पुर नैन सिंह एवं उनके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई थी जिस पर थाना प्रभारी द्वारा मुकदमा दर्ज कर लिया गया था एवं पुलिस तमंचा लहराते वाले युवक को गिरफ्तार करने के प्रयास में लगी हुई थी पुलिस द्वारा तमंचा लहराने वाले युवक लककी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जिसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

## नाले से मिला नवजात बच्ची का शव, इलाके में फैली सनसनी, लोग मां की ममता पर उठा रहे सवाल

लोकतंत्र की आवाज



**शिवम गुप्ता ब्यूरो चीफ हरदोई।**
हरदोई ।शहर कोतवाली क्षेत्र में अंबेडकर पार्क के पास स्थित नगर पालिका के नाले से नवजात बच्ची का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह नगर पालिका कर्मचारी नाले की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान जब पत्थर हटाया गया तो वहां एक नवजात शिशु दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह करीब दो दिन की बच्ची थी। यह देख कर्मचारियों और आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला अंबेडकर पार्क के सामने स्थित पासपोर्ट कार्यालय के पास नगर पालिका के नाले का बताया जा रहा है। मौके पर चाइल्ड लाइन टीम और पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी भी पहुंचे, जिन्होंने आवश्यक कार्रवाई की। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश और दुख का माहौल है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कोई मां इतनी निर्दयी कैसे हो सकती है, जो नवजात बच्ची को इस तरह नाले में फेंक दे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## लखनऊ की बड़ी आबादी में 15 वर्ष में सिर्फ 47 सीएनजी पंप, डीजल-पेट्रोल की खपत कम होना काफी मुश्किल

लोक तंत्र की अवाज़




**रत्ना**
**लखनऊ।** भारत सरकार के आह्वान पर योगी आदित्यनाथ सरकार डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने के लिए तमाम प्रयास कर प्रयास कर रही है, लेकिन लोगों को इसका कोई अपेक्षित विकल्प नहीं मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार वैकल्पिक ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी नहीं दिख रही है।लखनऊ की ही बात करें तो यहां पर डेढ़ दशक में केवल 47 पंपों पर ही सीएनजी उपलब्ध हो पाई है। हर जगह पर सीएनजी की उपलब्धता नहीं होने की वजह से लोग सीएनजी वाहन लेने से कतरा रहे हैं। यही हाल इवी चार्जंग को लेकर भी है। ग्रीन गैस लखनऊ के अलावा पांच शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करती है। वर्ष 2010 में लखनऊ में सीएनजी की आपूर्ति शुरू हुई थी, तब कहा गया था कि अगले पांच वर्षों में सीएनजी का विस्तार शहर के कोने कोने में होगा।ग्रीन गैस कंपनी 2010 से लेकर अब तक केवल 47 पंपों तक ही सीएनजी पहुंचा पाई है, खुद कंपनी अब तक अपने केवल सात मदर स्टेशन ही खोल सकी है। इनमें वृंदावन में दो, ट्रांसपोर्टनगर, रतनखंड, गोतमतीनगर, अमौसी और दुबग्गा में एक-एक पंप है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी का कहना है कि कंपनी की लापरवाही से इनकार नही किया जा सकता लेकिन एनओसी आदि की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि वर्षों लगते हैं। दुबग्गा पंप का हवाला देते हुए उनका कहना है कि पांच वर्ष से अधिक समय केवल इस पंप की सरकारी एनओसी लेने में लग गया।

## थाना चिलकाना पुलिस द्वारा रोटी पर थूक लगाकर दूषित कर जनता को बेचने वाले 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़



**साजिद सलमानी ब्यूरो चीफ सहारनपुर।** अवगत कराना है कि दिनाँक 14.05.2026 को रोहित लम्बरदार पुत्र श्री मामराज निवासी ग्राम टोडरपुर भूकडी थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर व वीडियो क्लिप बाबत अल फातमा होटल कस्बा चिलकाना सरसावा रोड पर अभियुक्तगण 1.तंजीम पुत्र जिन्दा हसन निवासी अम्बहेटा थाना नकुड जिला सहारनपुर 2. मोहम्मद महबूब पुत्र मोहम्मद मगलू निवासी उदयपुर थाना आबादपुर कटिहार बिहार हाल निवासी अल फातमा होटल कस्बा व थाना चिलकाना जिला सहारनपुर द्वारा रोटी बनाते समय थूक लगाकर तन्दूर में सैकने व दूषित कर जनता को बेचने के सम्बन्ध में थाना चिलकाना पर मु0अ0सं0 171/26 धारा 271, 272, 274, 275 बीएनएस पंजीकृत कराया गया था । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतू आदेशित किया गया, इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस अधीक्षक / थाना प्रभारी सुश्री सिमरन सिंह ( कढ.र.) के कुशल नेतृत्व मे थाना चिलकाना पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1.तंजीम पुत्र जिन्दा हसन निवासी अम्बहेटा थाना नकुड जिला सहारनपुर 2. मोहम्मद महबूब पुत्र मोहम्मद मगलू निवासी उदयपुर थाना आबादपुर कटिहार बिहार हाल निवासी अल फातमा होटल कस्बा व थाना चिलकाना जिला सहारनपुर को कस्बा चिलकाना सरसावा रोड से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार । अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-** 1. तंजीम पुत्र जिन्दा हसन निवासी अम्बहेटा थाना नकुड जिला सहारनपुर ।
2. मोहम्मद महबूब पुत्र मोहम्मद मगलू निवासी उदयपुर थाना आबादपुर कटिहार बिहार हाल निवासी अल फातमा होटल कस्बा व थाना चिलकाना जिला सहारनपुर ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**
1. उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार सोलंकी थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर ।
2. रि0आ0 636 गुरेन्द्र कुमार कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर ।
3. रि0आ0 603 अमन कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।

## बिजनौर नगीना पुलिस की बड़ी कामयाबी वाहन चोर गिरफ्तार, दो बाइक व नकदी बरामद

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट पायल कुमारी**
नगीना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल और नकदी बरामद की है। यह कार्रवाई जिले में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है। जानकारी के अनुसार, नगीना पुलिस स्टेशन में मोटरसाइकिल चोरी के मामले दर्ज थे। विवेचना के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त आशु चौधरी पुत्र वीरेंद्र सिंह, निवासी धर्मशाला गली, थाना नगीना को गिरफ्तार किया गया। जैसा कि दस्तावेज 1000655518. रचह में स्पष्ट है, गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी की गई मोटर साइकिल संख्या यूपी32सीइ9197 और 4000 नगद बरामद हुए हैं। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने एक अन्य चोरी की गई मोटरसाइकिल (संख्या यूपी32बीएम6846) को 9000 में बेच दिया था, जिसमें से उसके हिस्से के 4000 बरामद कर लिए गए हैं। इस सफल कार्यवाही को उ०नि० अजीत कुमार, का० आकाशवीर, का० गौरव और का० प्रदीप कुमार की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### महादेवगंज में तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो मारी जोरदार टक्कर, लगी आग, जलकर हुआ राख



लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज । साहिबगंज की ओर जा रही तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो ने मुफसिल थाना क्षेत्र के महादेव गंज चौक के आगे एक कपड़ा दूकान के दिवाल से टकराते हुए बिजली के पोल को तोड़ते हुए अनाज के गुदाम में जा टकराई। टक्कर इतना भयानक था कि स्कार्पियो संख्या जे एच 18 पी 7042 में जोरदर आग लग गई। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। वही गुदाम मालिक इंद्रदेव वर्णवाल ने बताया स्कॉर्पियो ने मेरा एक दीवाल को तोड़ते हुए एक खड़ी मोटर साइकिल संख्या जे एच 18 ए 2946 के ऊपर चढ़ते हुए मेरे अनाज के गुदाम से जा टकराया । जिसके बाद गाड़ी में आग लग गई और मेरा काफ़ी नुकसान हुआ। जिसके बाद अग्नि शामक की गाड़ी आई और बचे हुए आग को बुझाया। वही घटना की सुचना पाकर मुफस्सिल थाना की गास्ती टीम घटना स्थल पर पहुंची एवम् एन एच 80 पर लगी जाम को खत्म कराया एवम् मामले की जॉच पड़ताल में जुट गई।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया दिवस पर कार्यक्रम



लोकतंत्र की आवाज़
बरहेट। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को साहिया दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कर्मकार ने सभी साहिया को संबोधित करते हुए कहा आभा कार्ड बनाने, एचएनबीसी,एचबीवाईसी,एमटीसी,आईएफए सिरप वितरण के अलावे अन्य विस्तृत जानकारी दी । इस अवसर पर बैठक में जिला से एसटीटी सदानंद यादव,बीपीएम सरोजनी केरकेट्टा,बीटीटी केदार पंडित व क्षेत्र के सभी सहिया साथी व स्वास्थ्य कर्मी थे ।

### गैरेज संचालक की गोली मारकर हत्या, इलाके में दहशत



लोकतंत्र की आवाज
रामजी कुमार
समस्तीपुर। ताजपुर थाना क्षेत्र के गांधी चौक पर शुक्रवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल गैरेज संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल कायम हो गया। मृतक की पहचान चकमोतीपुर निवासी देवकी सहनी के 26 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि संजीव कुमार अपने मोटरसाइकिल गैरेज में काम कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी वहां पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग कर दी। गोली लगने से संजीव कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ताजपुर थाना प्रभारी शालू कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। थाना प्रभारी शालू कुमारी ने बताया कि हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### महिला सिपाही से झपट्टामार ने छीनी मोबाईल, दो गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। शुक्रवार को जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के कुसैया चौक के पास बाईक सवार झपट्टामार ने ऑटो से जा रही एक महिला सिपाही से झपट्टा मारकर मोबाईल छीन लिया। सिपाही के हल्ला करने पर लोगों ने उसे पकड़ लिया और घेरकर रखा। उक्त महिला सिपाही नेहा कुमारी लखीसराय जिले के मामनडीह गांव के रहने वाली है। वर्तमान में वारिसनगर थाना में कार्यरत है। बताया जाता है कि सिपाही नेहा कुमारी समस्तीपुर से ऑटो पकड़कर वारिसनगर थाना आ रही थी ज्यों ही कुसैया के पास पहुंची कि बाइक पर सवार दो युवक ने झपट्टा मारकर छीनकर भागने लगा हल्ला करने पर लोगों की भीड़ ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। इस बात की जानकारी पुलिस पदाधिकारी को दी। खबर मिलते ही थाना से दरोगा अफरोज आलम पुलिस बल के साथ पहुंचकर पकड़े गये दोनों युवकों को मोबाईल समेत हिरासत में ली। पूछताछ करने पर एक अपना नाम परवेज कुमार दूसरा छोटू कुमार घर कल्याणपुर थाना क्षेत्र के परतापुर बताया। इसके बाद पुलिस बाइक समेत दोनों को थाना ले गया। पूछताछ के बाद दोनों को को हिरासत में भेज दिया गया।

# बिहिया में डाकबंगला रोड की बदहाली पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लोगों ने किया



लोकतंत्र की आवाज

- गड्ढों में फंसी पिकअप वैन, क्रेन बुलाकर निकाला गया बाहर
- टेंडर के बावजूद सड़क निर्माण शुरू नहीं होने पर लोगों में नाराजगी

**बिहिया/जगदीशपुर/भोजपुर।** बिहिया नगर के डाकबंगला रोड की जर्जर स्थिति और जलजमाव की समस्या को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया। नगर पंचायत बिहिया के निवर्तमान चेयरमैन सचिन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने पंडाल लगाकर सड़क किनारे धरना दिया और विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

लोगों ने सड़क निर्माण और जलनिकासी व्यवस्था जल्द शुरू करने की मांग उठाई। सचिन कुमार गुप्ता ने बताया कि 30 मार्च 2026 को चेयरमैन रहते हुए उन्होंने इसी स्थान पर जलजमाव को लेकर धरना दिया था। उस समय अधिकारियों ने सड़क निर्माण और जलनिकासी की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई काम शुरू नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना के दौरान एक मालवाहक पिकअप वैन सड़क में फंस गई। काफी प्रयास के बाद भी वाहन नहीं निकल पाया तो क्रेन बुलाकर उसे बाहर निकाला गया। गौरतलब हो कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन वाहन फंस रहे हैं और राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

लोगों ने बताया कि आरओबी पर भारी वाहनों का आवागमन बंद होने के बाद पश्चिमी रेलवे गुमटी होकर डाकबंगला रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है, जिससे सड़क पूरी तरह बदहाल हो गई है। यह सड़क प्रखंड सह अंचल कार्यालय, विद्यालय, कोचिंग व मैरिज हॉल जाने का मुख्य मार्ग है। विभागीय जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण का टेंडर हो चुका है और यहां पीसीसी सड़क बनाई जानी है। धरना में मुकेश भट्ट, बाबू दिन, मो. ताहिर अंसारी, श्याम सोनी, मो. शमशाद आलम, मो. असलम, इंदियाज मंसूरी और मो. सरफराज सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## झंडापुर में महिला दुकानदार से मारपीट व लूटपाट, नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** झंडापुर थाना क्षेत्र में एक महिला दुकानदार के साथ मारपीट, गाली-गलौज और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़िता के आवेदन पर झंडापुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, झंडापुर मोमिन टोला वार्ड संख्या-5 निवासी अफसाना खातून, पति मिस्टर अंसारी ने थाना में दिए आवेदन में बताया कि 11 मई की शाम करीब 4:30 बजे दिवाकर कुमार, पिता लड्डू सिंह अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ उनकी दुकान पर पहुंचा। आरोप है कि दिवाकर कुमार ने स्मैक की मांग की। जब महिला ने स्मैक नहीं बेचने की बात कही, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा।

पीड़िता के अनुसार, दिवाकर कुमार ने हाथ में चाकू लेकर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। इसके बाद सभी आरोपियों ने मिलकर महिला के साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर में चोटें आईं और सूजन हो गई। महिला का आरोप है कि आरोपी दुकान के गल्ले से दिनभर की बिक्री की नकदी लेकर फरार हो गए।

आवेदन में यह भी कहा गया है कि घटना के कुछ देर बाद आरोपी की मां मंगिया देवी, पिता लड्डू सिंह और बहन पारो देवी भी दुकान पर पहुंचे तथा गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

घटना के बाद पीड़िता ने झंडापुर थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। मामले को लेकर झंडापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बेला गांव में बाल विवाह मुक्त अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



लोकतंत्र की आवाज
**बिहिया/भोजपुर।** जिला प्रशासन और दिशा एक प्रयास के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को बिहिया प्रखंड की मझौली पंचायत के बेला गांव में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। संस्था की सचिव कुमारी सुनीता सिंह ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि लड़कियों की विवाह आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित है। इससे कम उम्र में विवाह कराना कानूनन अपराध है। इस दौरान जागरूकता रैली निकाली गई और "18 से नीचे तुम नहीं, 21 से नीचे हम नहीं" जैसे नारों से गांव गूंज उठा। सीएसडब्ल्यू वीरेंद्र सिंह ने कहा कि समाज की भागीदारी से ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाई जा सकती है।

## बिहपुर में 17 मई को उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय 'आर्ट ऑफ गिविंग' दिवस, वॉलीबॉल क्लबों को मिलेगा खेल सामग्री

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** भागलपुर जिले के बिहपुर में 17 मई को डॉ. अच्युत सामंत के जीवन-दर्शन पर आधारित अंतरराष्ट्रीय आर्ट ऑफ गिविंग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम 'शेयर एंड शाइन' निर्धारित किया गया है।

बिहार राज्य आर्ट ऑफ गिविंग के अध्यक्ष नीलकमल राय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर बिहार के सभी 38 जिलों के 125 वॉलीबॉल क्लबों को तीन-तीन वॉलीबॉल तथा एक-एक जाल (नेट) प्रदान किया जाएगा, ताकि खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा मिल सके।



आर्ट ऑफ गिविंग के समन्वयक एवं नवगछिया पुलिस जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष उत्तम कुमार, सचिव नीलेश कुमार एवं राज्य प्रवक्ता सह पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधायक इं. शैलेन्द्र, जो आर्ट ऑफ गिविंग बिहार इकाई के मुख्य संरक्षक भी हैं, वे (संभावित) 17 मई को बिहपुर पहुंचकर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

शारीरिक शिक्षक एवं आर्ट ऑफ गिविंग के पदाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि नवगछिया पुलिस जिला के 10 क्लबों को वॉलीबॉल और जाल उपलब्ध कराया जाएगा। इससे ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रेम, भाईचारा, देशभक्ति तथा गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों की सेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## साहिबगंज : नहाने के क्रम में डी बी एल घाट के पास डूबा, शव की तलाश जारी

लोकतंत्र की आवाज़

**साहिबगंज।** कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र के गोउगाची के रहने वाले विकास कुमार 24 वर्षीय पिता महेंद्र मंडल जो कि अपने मौसी के घर महादेव गंज आया था।

इस घटना की जानकारी देते हुए विकास कुमार का मौसा उदय मंडल ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पटना से आया था। जिसके बाद वह घर पर कोई काम की बात को कह कर दिन के करीब 11:00 बजे अपने घर जाने के लिए निकल गया। जिसके बाद मुझे दिन के करीब तीन बजे फोन आया कि वह गंगा नदी में डी बी एल घाट के पास डूब गया जिसके बाद यहां आने पर देखा की उसका बैग मोबाईल कपड़ा बाहर मे रखा हुआ है। विकास कुमार का दोस्त दीपक कुमार ने बताया कि



वह दिल्ली से लौटने के क्रम में अपने मौसा उदय मंडल के धर रूका था वह बिटेक की पढ़ाई कर रहा था। हम लोगों को सुचना जब मिली तो यहां आए।

इस घटना की सुचना को पाकर गंगा नदी थाना के एस आई लेनसन टोपनो घटना स्थल पर पहुंच कर जॉच पड़ताल में जुट गए। वही ज़िला के गोताखोर अशोक मंडल, बासदेव सिंह, दिलचन सिंह घटना वाली जगह पर पानी के अंदर डुबकी लगा कर खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। वही कहा कि 24 घंटे बीतने के बाद ही शव ऊपर आयेगा। अभी अंदर कहीं पता नहीं चल रहा है।

## सोनू राय की जीत पर राजद कार्यालय में जश्न, नेताओं ने बांटी मिठाई

लोकतंत्र की आवान

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर नगर के नया टोला स्थित राजद प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को राजद कार्यकर्ताओं और नेताओं की बैठक हुई। बैठक में भोजपुर-बक्सर एमएलसी उपचुनाव में राजद समर्थित उम्मीदवार सोनू राय की जीत पर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, राजद कार्यकर्ताओं और महागठबंधन के सहयोगियों के प्रति आभार जताया गया। इसके बाद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

बैठक में मौजूद पूर्व विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने कहा कि यह जीत सभी समाज और कार्यकर्ताओं की एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सभी



सहयोगियों ने मजबूती के साथ चुनाव लड़ाया, जिसका नतीजा जीत के रूप में सामने आया। पूर्व प्रत्याशी किशोर कुणाल ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि संघर्ष और मेहनत करने वालों का समय कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को इसी तरह एकजुट होकर संगठन के लिए काम करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विपक्ष पूरे देश में बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर एकजुट होकर आंदोलन करेगा। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अफताब उर्फ भोला खान, देव सुंदर यादव, हिरदानंद सिंह, दारा सिंह, रवि यादव, दिवाकर यादव, सुरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हत्या मामले में फरार आरोपी कन्हैया राय के घर इश्तेहार चिपकाया, जल्द होगी कुर्की-जब्ती

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** हत्या के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी कन्हैया राय की गिरफ्तारी को लेकर टाटा ओपी पुलिस ने बिहपुर प्रखंड के सोनवर्षा गांव में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान न्यायालय से जारी इश्तेहार आरोपी के घर पर चिपकाया गया तथा उसे जल्द आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई।

जानकारी के अनुसार, कन्हैया राय हत्या के मामले में काफी समय से फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश के बाद टाटा ओपी पुलिस टीम सोनवर्षा गांव पहुंची और विधि-सम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए आरोपी के आवास



पर इश्तेहार चस्पा किया। पुलिस अधिकारियों ने आरोपी के परिजनों को भी न्यायालय के आदेश और आगे की कार्रवाई की जानकारी दी।

इस संबंध में बिहपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी को निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। यदि वह तय समय में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध न्यायालय के आदेशानुसार कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और कानून से बचने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, वहीं पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया भी तेज की जाएगी।

## एक्सप्लोशिव क्रिकेट क्लब सह जिम का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के नौवाटोली स्थित NH-80 के समीप शुक्रवार को "एक्सप्लोशिव क्रिकेट क्लब सह जिम" का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार, अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुमार एवं समाजसेवी जानिसार असलम उर्फ जिम्मी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि पीरपैंती एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल में आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन और सुविधाएं मिलने पर वे जिला एवं राज्य स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं।

संस्था के संस्थापक मो. अरशद ने बताया कि वे बंगाल सुपर डिवीजन की ओर से बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन एक दुर्घटना के कारण उनका सपना अधूरा रह गया। उन्होंने कहा कि यह एकेडमी सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि उनका सपना है, जिसे वे क्षेत्र के युवाओं के लिए साकार करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि मामूली फीस में बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, युवा एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों के उत्साह ने पूरे माहौल को खेलमय बना दिया।



## संक्षिप्त खबरें ।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर ने पी लिया कीटनाशक, हालत गंभीर

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** सेमरा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में एक 16 वर्षीय किशोर द्वारा कीटनाशक पी लेने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में परिजन उसे तत्काल बगहा अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर गांव निवासी ब्रजेश सहनी के 16 वर्षीय पुत्र ने शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक का सेवन कर लिया। कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होते देख परिजन आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार ने किशोर का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के समय उसकी स्थिति काफी गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर उसे बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार किशोर पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था। हालांकि इस संबंध में किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इधर, सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। सेमरा थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद गांव में माहौल गमगीन बना हुआ है। परिजन किशोर के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

### मोतिहारी: मेहसी पुलिस ने 11 पेटी शराब समेत तीन कारोबारियों को किया गिरफ्तार बोलेरो गाड़ी जब्त



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मेहसी थाना क्षेत्र के ग्राम सुलशाबाद में गुप्त सूचना के आधार पर मेहसी पुलिस ने कि बड़ी कार्रवाई। छापेमारी के दौरान एक बोलेरो गाड़ी से करीब 11 पेटी विदेशी शराब बरामद की गई हैं.....जप्त शराब की कुल मात्रा लगभग 95 लीटर बताई जा रही है.....पुलिस ने मौके से तीन शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है.....गिरफ्तार आरोपियों में शिवकुमार और ददन यादव,थाना नौतन जिला बेतिया के निवासी हैं। वहीं तीसरा आरोपी दीपु कुमार, थाना मेहसी क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है.....पुलिस ने बोलेरो वाहन को भी जप्त कर लिया है.....मेहसी थाना पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं मेहसी थानाध्यक्ष सानु गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि शराब माफिया के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई कि जा रही है और शराब तस्कर को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के शराब माफियाओं में हड़कंप मच मचा हुआ है।

### हिलसा में 12.2 लाख की लागत से बने फिटनेस हॉल का उद्घाटन

**हिलसा।** नगर परिषद क्षेत्र संख्या 23 में नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से 12 .2 लाख रुपये की लागत से निर्मित फिटनेस हॉल का उद्घाटन किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप बने इस फिटनेस हॉल का उद्घाटन मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार की मौजूदगी में फीता काटकर किया।इस अवसर पर उपमुख्य पार्षद दुर्गा कुमारी, वार्ड पार्षद निरंजन कुमार सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान लोगों ने नगर परिषद द्वारा उपलब्ध कराई गई इस नई सुविधा की सराहना की।मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने कहा कि फिटनेस हॉल बनने से क्षेत्र के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को नियमित व्यायाम करने के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा यह पहल की गई है।वार्ड पार्षद निरंजन कुमार ने बताया कि प्रखंड कॉलोनी के समीप बनाए गए इस फिटनेस हॉल और पार्क का उद्देश्य बच्चों को खेलने तथा बुजुर्गों को सुबह-शाम व्यायाम करने के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि परिसर में विभिन्न प्रकार के व्यायाम उपकरण लगाए गए हैं, ताकि हर आयु वर्ग के लोग इसका लाभ उठा सकें।स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि इस फिटनेस हॉल के शुरू होने से क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोग नियमित रूप से व्यायाम के लिए प्रेरित होंगे।

# पूर्व थानाध्यक्ष सम्पत कुमार यादव पर गंभीर आरोप, न्यायालय ने तलब किया

**लोकतंत्र की आवाज**




**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा (प. चंपारण)।** सेमरा थाना के पूर्व प्रभारी सम्पत कुमार यादव की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। उन पर कानून की अवहेलना, धमकी देने तथा न्यायालय के प्रति कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। मामले को लेकर बगहा न्यायालय में परिवाद दायर होने के बाद न्यायिक प्रक्रिया तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार शास्त्रीनगर, बगहा निवासी जावेद अख्तर उर्फ मुन्ना ने बगहा न्यायालय में परिवाद संख्या 222/25 दायर किया है। परिवाद में आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन सेमरा थानाध्यक्ष सम्पत कुमार यादव ने एक व्यक्ति को दौड़ाकर गोली मारने की धमकी दी थी तथा न्यायालय को लेकर कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले ने न्यायिक गरिमा और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले पर संज्ञान लेते हुए न्यायिक दंडाधिकारी, बगहा ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यायालय ने सम्पत कुमार यादव को 20 मई को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 198, 308, 115, 351 सहित अन्य धाराओं के तहत दर्ज बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सेमरा थाना में अपने कार्यकाल के दौरान भी सम्पत कुमार यादव का नाम कई विवादों से जुड़ चुका है। उनके खिलाफ पटना उच्च न्यायालय में एक आपराधिक रिट याचिका लंबित होने की भी चर्चा है। परिवादी जावेद अख्तर ने दावा किया है कि उनके पास कथित अनियमितताओं और अन्य आरोपों से संबंधित कई साक्ष्य मौजूद हैं, जिन्हें जल्द ही बिहार के पुलिस महानिदेशक को सौंपा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में तत्कालीन थानाध्यक्ष ने भूमाफियाओं के साथ मिलकर गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि विवाद जैसे सिविल मामलों में पुलिस को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए और इस संबंध में न्यायालय व सरकार द्वारा पूर्व से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। फिलहाल पूरे मामले को लेकर प्रशासनिक और न्यायिक स्तर पर हलचल तेज है। अब सभी की नजर 20 मई को होने वाली अगली सुनवाई और संभावित कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## सहरसा : एसएफसी गोदाम के मजदूरों ने मजदूरी भुगतान नहीं होने पर किया प्रदर्शन



**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।**
जिला के सोनवर्षा राज प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएफसी गोदाम पर गुरुवार को कार्यरत मजदूरों ने परिवहन अभिकर्ता सुमन सिंह पर मजदूरी भुगतान नहीं करने एवं मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। मजदूरों ने अपने बकाया भुगतान की मांग को लेकर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी को सामूहिक आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। मजदूरों का आरोप है कि परिवहन अभिकर्ता द्वारा जुलाई 2025 से अप्रैल 2026 तक की लगभग 3 लाख 6 हजार रुपये मजदूरी का भुगतान लंबित रखा गया है। वहीं डीएसडी अभिकर्ता द्वारा फरवरी 2026 से अप्रैल 2026 तक की करीब 2 लाख 75 हजार रुपये मजदूरी का भुगतान भी नहीं किया गया है। मजदूरों ने बताया कि जब भी वे अपने बकाया राशि की मांग करते हैं तो उन्हें काम से हटा देने की धमकी दी जाती है। लंबे समय से मजदूरी नहीं मिलने के कारण उनके परिवार के समक्ष आर्थिक संकट गहरा गया है। आवेदन देने वालों में पीडीएस गोदाम में कार्यरत मजदूर चुनो साह, रामविलास साह, सुमन कुमार, सज्जन कुमार, अमित कुमार, सुबोध साह, रुपेश कुमार, धीरज मंडल, राजों साह, जासो यादव, सुभाष राम एवं भूषण कुमार समेत अन्य मजदूर शामिल हैं। इस संबंध में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रवी प्रकाश ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। समाधान के लिए सभी मजदूरों को शुक्रवार को कार्यालय बुलाया गया है।

## वर्ग को लेकर दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण

**लोकतंत्र की आवाज**




**सहरसा संवादाता।**
भारतीय जनता पार्टी सहरसा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण वर्ग प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशन में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश स्तरीय नेता कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, जिला पदाधिकारी, मंच, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों सहित करीब 150 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा के नेतृत्व में जोर-शोर से की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पटुआहा, सहरसा में बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, मनोज यादव, मिहीर झा, रिंकी देवी, सुगामनी देवी, जिला७ महामंत्री शिव भूषण सिंह, अनमोल भगत, भैरवानंद झा, कुमार अभिषेक पांडेय, अमर ज्योति, बिजय बसंत, नगर अध्यक्ष अभिनव सिंह, आशीष गुप्ता, हेम नारायण गुप्ता, अखिलेश पांडेय एवं प्रदीप झा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोतिहारी: मोतिया नदी की जमीन पर अवैध निर्माण, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, सरकारी जमीन और नदी पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने की शिकायत

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** जिले के पताही प्रखंड के सरेया गोपाल पंचायत स्थित महमदी गांव में मोतिया नदी और सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने एक प्रशासनिक अधिकारी पर पद का दुरुपयोग कर सार्वजनिक भूमि और नदी किनारे के पेड़ों को अवैध रूप से काटने व कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने गोलबंद होकर अंचलाधिकारी (सीओ) को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। अंचलाधिकारी को सौंपे गए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड संख्या 01 से गुजरने वाली मोतिया नदी के किनारे स्थित सरकारी पुल के समीप बड़े पैमाने पर हरियाली थी। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति, जो बिहार सरकार में प्रशासनिक पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने नदी किनारे लगे दर्जनों हरे-भरे पेड़ों को कटवा कर बेच दिया। इतना ही नहीं, नदी के दक्षिण किनारे की जमीन (खेसरा संख्या 1133) और सरकारी गैर-मजरुआ जमीन (खेसरा संख्या 1132) के बड़े भू-भाग पर पक्की चारदीवारी बनाकर अवैध कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी जमीन का निजी स्वार्थ के लिए अतिक्रमण किए जाने से पूरे गांव में रोष व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी (डीएम) मोतिहारी,जिला भू-अर्जन पदाधिकारी,एसडीओ और डीसीएलआर पकड़ीदयाल को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दीं है कि यदि जल्द ही इस सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया,तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## अनुमंडलीय अस्पताल का एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा ने आज अपराह्न करीब 5:00 बजे अनुमंडलीय अस्पताल अरेराज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। एसडीओ ने अस्पताल की इमरजेंसी व्यवस्था,एईएस/जेई वार्ड में उपलब्ध बेड, एसी, ऑक्सीजन एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने वार्ड में साफ-सफाई एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं भ्रमण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने डायलेसिस (ट्रायल) रूम का निरीक्षण कर वहां मौजूद टेक्नीशियन से उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की। साथ ही अस्पताल परिसर में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था की स्थिति का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद एसडीओ ने अस्पताल उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक को स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने तथा मरीजों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए।

## प्रखंड गौनाहा मे लकड़ी तस्करो का आतंक चरम सीमा पर, तस्करो का कहना है की थानेदारी देकर ही लगता है लकड़ी का खेप

**लोकतंत्र के आवाज गौनाहा**



**संवाददाता मेराज आलम**
गौनाहा व मटियरिया थाना क्षेत्र मे लकड़ी तस्करो का काफी इजाफा हुआ है ' आय दिन ट्रैक्टर टेलर व ट्रक से लकड़ी काटकर रात मे खेप लगाया जा रहा है ' इधर सरकार की महत्वकांक्षी योजना मनरेगा से जगह -जगह पर पेड़ लगाया जा रहा है ताकि प्रकृति मे सुंदरता के साथ-साथ स्वच्छ पर्यावरण व शुद्ध वायू मिल सके ' लेकिन इधर लकड़ी तस्करो ने वन बिभाग, थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी के आँख मे धूल झोककर बड़े पैमाने पर लकड़ियों की तस्करी करना चालु कर दिया है ' आपको बता दे की बृहस्पतिवार को करीब 09 बजे रात्री को मटियरिया थाना क्षेत्र से गौनाहा थाना क्षेत्र मे आकर फिर मटियरिया थाना क्षेत्र की तरफ लकड़ी लदे ट्रैक्टर को जाते देखा गया ' उसी क्रम मे रात को ही कुछ फोटो, वीडियो लिया गया ' ये बताते हुवे बहुत दुख होता है की सूत्रों के अनुसार कुछ तस्करो का कहना है की थानाध्यक्ष को थानेदारी यानी रिस्वत देकर ही लकड़ीयों का खेप लगाया जाता है। हालांकि गौनाहा थानाध्यक्ष शम्भू शरण गुप्ता व मटियरिया थानाध्यक्ष राकेश कुमार का कहना है की तस्करो द्वारा जो थानाध्यक्ष पर आरोप लगाया जा रहा है वो एकदम से झूठा है और उन्होंने ये भी कहा की, इस बिषय मे जानकारी नहीं था लेकिन थानाध्यक्ष के जरिये एक टीम गठित कर के तस्करो को बहुत जल्द पकड़ा जायेगा।

# सहरसा : स्वजन परोस में शादी समारोह में गए इधर एक नावालिग लड़की रहस्यमय तरीके हुई लापता

**लोकतंत्र की आवाज**




**सहरसा संवादाता**
बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की के रहस्यमय तरीके से लापता हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है, वहीं स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। स्वजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं। घटना को लेकर बख्तियारपुर थाना में लड़की के पिता द्वारा लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। लड़की के पिता ने थाना में दिए आवेदन में बताया है कि परोस में ही शादी समारोह में शामिल होने के लिए परिवार के सभी सदस्य गए हुए थे। जब सभी लोग वापस अपने घर लौटे तो उनकी पुत्री घर में मौजूद नहीं थी। पहले तो स्वजनों ने सोचा कि वह आसपास के किसी रिश्तेदार या पड़ोसी के यहां होगी, लेकिन काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। इसके बाद स्वजनों ने गांव सहित आसपास के कई इलाकों में उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों एवं परिचितों के यहां भी पूछताछ की गई, लेकिन लड़की का कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। पुत्री के अचानक गायब हो जाने से परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। लड़की के पिता ने आवेदन में आशंका जताई है कि उसकी पुत्री के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द लड़की की बरामदगी की मांग की है।आदर्श थाना भवन समरी बख्तियारपुर इधर, मामले को गंभीरता से लेते हुए बख्तियारपुर थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा लड़की की तलाश शुरू कर दी है। वहीं परिजन हर पल लड़की के सकुशल वापस लौटने की आस लगाए बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि गत दिनों बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के सिटानाबाद दक्षिणी गांव से एक युवक रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था। युवक करीब नौ दिनों तक लापता रहा। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी, तभी गांव के ही एक तालाब से उसका शव बरामद किया गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोग पहले से ही डरे-सहमे हुए हैं।

## नंदकिशोर राम का रामनगर में भव्य स्वागत, विकास को बताया प्राथमिकता

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**रामनगर।** बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन संसाधन विभाग के मंत्री नंदकिशोर राम का शुक्रवार को रामनगर विधानसभा क्षेत्र पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मंत्री बनने के बाद उनका यह पहला रामनगर दौरा था, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखा गया। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर भाजपा और जदयू कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। रामनगर पहुंचने के बाद मंत्री नंदकिशोर राम ने सबसे पहले नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद सभा स्थल पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री नंदकिशोर राम ने कहा कि रामनगर की जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, किसानों, पशुपालकों और युवाओं के हित में सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में राम सिंह, सभापति गीता देवी, उपसभापति श्वेता सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अचिंत्य कुमार लाला, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भूपेंद्र जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मधुकर राय, अजय राय, सिद्धार्थ राय, भुनेश्वर शांडिल, पंकज झुनझुनवाला, नागेंद्र साह, सुजल सिंह, वीरेंद्र तिवारी, चमन सिंह नेपाली, जनक साह, संजय मिश्रा, सूर्य प्रसाद सिंह एवं कन्हैया केसरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत



**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** सुबह में हॉस्पिटल मोड के पास शुक्रवार लोगो ने सड़क किनारे एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में देखा। स्थानीय युवकों ने गोपाल के ठेला पर पर पीरपैंती रेफरल अस्पताल लाया। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी योगेश कुमार झा के रूप में हुई है। उसकी पहचान आधार कार्ड और अदानी पावर प्लांट के गेट पास से हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, योगेश अदानी पावर प्लांट में काम के सिलसिले में पीरपैंती आया था। हालांकि, उसके किसी करीबी, सहकर्मी या संबंधित कंस्ट्रक्शन कंपनी के लोगों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलते ही पीरपैंती थाना की डायल 112 टीम के प्रभारी शिवलोचन पासवान मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। तलाशी के दौरान मृतक के बैग से एक लैपटॉप, गेट पास और काफी मात्रा में नगद राशि बरामद हुई है। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस मामले में आगे की जानकारी जुटा रही है।

### रजौली की बेटी भूमिका बनी पटना जिला टॉपर, सीबीएसई 12वीं में 98.40 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया मान



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में रजौली की बेटी भूमिका ने वाणिज्य संकाय में 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पटना जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। भूमिका की इस शानदार सफलता से पूरे परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजन मिठाई बांटकर खुशी का इजहार कर रहे हैं। भूमिका टकुआटांड़ निवासी पूर्व मुखिया सह समाजसेवी दिवंगत महादेव यादव की पौत्री तथा रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव की द्वितीय पुत्री हैं। बेटी की उपलब्धि पर पिता संजय यादव ने कहा कि भूमिका ने कठिन मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बेटी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह आगे भी इसी तरह मेहनत कर प्रखंड, जिला और राज्य का नाम रोशन करे। भूमिका ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, माता-पिता के सहयोग और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उसने कहा कि नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता संभव हो सकी। भूमिका की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### बर पूजा को लेकर बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

सिरदला प्रखंड में शनिवार को होने वाले बर पूजा को लेकर शुक्रवार को बाजारों में खरीदारी के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही सिरदला बाजार,बरदाहा बाजार सहित आसपास के ग्रामीण बाजारों में पूजा सामग्री, फल, मिठाई, कपड़ा एवं श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर काफी चहल-पहल देखी गई। महिलाओं ने बर पूजा के लिए आवश्यक सामग्री की जमकर खरीदारी की। बाजारों में सबसे अधिक भीड़ फल दुकानों, मिठाई दुकानों और पूजा सामग्री विक्रेताओं के यहां देखी गई। दुकानदारों ने बताया कि बर पूजा को लेकर पिछले दो दिनों से बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुई है। खासकर नारियल, अगरबत्ती, सिंदूर, चुनरी, फल एवं मिठाई की मांग अधिक रही। भीड़ को देखते हुए बाजारों में पुलिस प्रशासन भी सक्रिय नजर आया। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए बाजार पहुंचे, जिससे पूरे दिन बाजार गुलजार रहा। महिलाओं ने बताया कि बर पूजा पारंपरिक आस्था एवं परिवार की सुख-समृद्धि से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे लेकर हर वर्ष विशेष उत्साह देखा जाता है।

# शिक्षा विभाग के निर्देशों से जनगणना में प्रतिनियुक्त शिक्षक असमंजस में, दोहरे दायित्व से बढ़ा मानसिक तनाव

**दूरी वाले स्कूलों में तैनात प्रगणकों को 12:30 बजे तक विद्यालय लौटने का दबाव, वरपूजा पर महिला शिक्षिकाओं की छुट्टी पर भी संकट**

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग और प्रखंड विकास पदाधिकारी के 11 मई 2026 के पत्र तथा अपर मुख्य सचिव के 13 मई 2026 के पत्रांक 07/नीति 24-04/2026/1631 के निर्देश के बाद जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षक असमंजस की स्थिति में हैं। रजौली प्रखंड में कई शिक्षकों को अपने विद्यालय से दूर प्रगणक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षकों का कहना है कि नए निर्देश के तहत उन्हें विद्यालय में स्वयं उपस्थिति दर्ज कर जनगणना कार्य पर जाना है और 12:30 बजे पुनः विद्यालय लौटकर प्रस्थान की उपस्थिति बनानी है। दूरस्थ क्षेत्रों में जनगणना की जिम्मेदारी निभा रहे शिक्षकों के लिए तय समय पर विद्यालय लौटना व्यावहारिक नहीं है। इससे उनका जनगणना कार्य बाधित हो रहा है। विद्यालय प्रधान भी स्पष्ट निर्देश के अभाव में कोई राहत देने में असमर्थ हैं। वे भी इस मामले में निर्देश देने में असहज महसूस कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि जनगणना पूरा करने के लिए उन्हें 'मार्क ऑन ड्यूटी' की सुविधा अतिआवश्यक है। 13 मई के निर्देश का पालन करने पर जनगणना कार्य पूरा नहीं हो सकेगा। मजबूरी में उन्हें निर्देश की अवहेलना करनी पड़ रही है। शिक्षकों ने कहा कि मशीन मानने पर भी दोनों कार्य एक साथ संभव नहीं हैं। अपर मुख्य सचिव, शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को शिक्षकों की मानसिक मनोदशा को समझते हुए समीक्षा कर स्पष्ट निर्देश जारी करने चाहिए। रजौली में कई प्रगणक 15 मई 2026 को भी अपने विवेक से 'मार्क ऑन ड्यूटी' कर जनगणना कार्य कर रहे हैं। वहीं कुछ शिक्षक विद्यालय में सेल्फ उपस्थिति दर्ज कर जनगणना कार्य करने में असमर्थ और असहज महसूस कर रहे हैं। इधर 16 मई 2026 को महिलाओं का प्रमुख त्योहार वरपूजा है। दूरस्थ क्षेत्रों में जनगणना ड्यूटी करने वाली शिक्षिकाओं को आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति भी विधिवत नहीं मिल पा रही है। इससे वे मानसिक तनाव से जूझ रही हैं। रजौली शिक्षक नेता अजीत कुमार ने नवचयनित मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, राज्य सरकार और अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि शिक्षकों की समस्याओं को ध्यान में रखकर स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। इससे शिक्षक विद्यालय और जनगणना दोनों दायित्वों का समय पर निर्वहन कर सकेंगे।

## इस कथा के बिना अधूरा है वट सावित्री व्रत, अमावस्या पर बन रहे शुभ संयोग, इन वरदानों ने सावित्रि जीत लाई थी सत्यवान की जिंदगी




लोक तंत्र की आवाज

नवादा। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर मनाया जाने वाला वट सावित्री व्रत इस साल( आज ) 16 मई 2026, शनिवार को पड़ रहा है। खास बात यह है कि इसी दिन शनि जयंती भी मनाई जाएगी, जिससे सौभाग्य योग और शोभन योग जैसे शुभ संयोग बन रहे हैं। इस पावन अवसर पर सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुखमय दांपत्य जीवन की कामना के लिए बरगद के वृक्ष की पूजा-अर्चना करेंगी। इस व्रत के दिन महिलाएं सौलह श्रृंगार कर, हाथों में मेहंदी लगाकर पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखेंगी। इस दिन पूरे विधि विधान के साथ पूरा करके वट सवित्री व्रत की कथा सुनी जाती है। यदि आप भी ये व्रत करने वाले हैं तो इसके लिए हम आपके साथ शेयर कर रहे हैं वट सावित्री व्रत कथाएं। जिन्हें आप आज ही अपने मोबाइल में सेव कर लें।

**वट सावित्री व्रत का महत्व:** ऐसी मान्यता है कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या के दिन ही सावित्री ने सूझबूझ से अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लेकर आई थी। इन शहरों में वट सावित्री व्रत की ज्यादा मान्यता यूपी, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड में इस व्रत की बहुत मान्यता है। यहां पर इसे ज्येष्ठ कृष्णपक्ष त्रयोदशी से अमावस्या यानी तीन दिन तक मनाने की परम्परा है। दक्षिण भारत में वट सावित्री व्रत को पूर्णिमा के नाम से ज्येष्ठ पूर्णिमा को मनाया जाता है।

## सिरदला : शराब मामले के आरोपी समेत दो वारंटी गिरफ्तार



**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला** पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाकर शराब मामले के एक आरोपी समेत दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान खरौन्ध गांव निवासी रमेश राजवंशी के रूप में हुई है। उसे शराब मामले में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 32/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। इसके अलावा पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर ठेकही गांव निवासी मुसाफिर यादव तथा परतापुर निवासी अरुण भुइयां को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों से आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें व्यवहार न्यायालय नवादा में पेशी के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार अभियुक्तों में हड़कंप मचा हुआ है।

## स्नातक सेमेस्टर 2 की परीक्षा शुरू,सड़क हो रहा जाम, लोग परेशान

**लोकतंत्र की आवाज**



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज बाजार स्थित दो तथा दोसुत स्थित स्नातक स्तरीय एक कॉलेज में सेमेस्टर 2 की परीक्षा बुधवार से शांतिपूर्वक शुरू हो गई। वहीं परीक्षा समाप्त होने के बाद सीएचसी से थाना चौक तक लगभग 1 घंटे तक भयंकर जाम लग जाता है। जिस कारण लोगों को पैदल पार करना भी मुश्किल हो जाता है।बता दे की वारसलीगंज बाजार स्थित एसएन सिन्हा कॉलेज में कन्हाई लाल साहू कॉलेज नवादा के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। जबकि महिला महाविद्यालय में रविकांत पुनम कॉलेज दोसुत के तथा रविकांत पुनम डिग्री कॉलेज में एसएन सिन्हा और महिला महाविद्यालय के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। एस एन सिन्हा कॉलेज थाना चौक के पास स्थित है।जिसके सामने ही सीएचसी व पंजाब नेशनल बैंक अवस्थित है।परीक्षा के समाप्त होने के बाद सीएचसी से थाना चौक तक भयंकर जाम लग जाता है। जिसे हटाने के लिए पुलिस बल को मौके पर पहुंचना पड़ता है। इस दौरान सीएचसी से आ रहे हैं या जा रहे हैं एंबुलेंस भी जाम में देर तक फंसी रहती है। बता दें कि मंगलवार को सेमेस्टर 4 की परीक्षा समाप्त हुई और बुधवार से सेमेस्टर 2 की परीक्षा शुरू हो गई है। इसी प्रकार मात्र कुछ दिनों में सेमेस्टर 6 की परीक्षा शुरू होनी है। लगातार हो रही परीक्षा के कारण हर रोज जाम लग रही है। जिसे जानबूझकर भी प्रशासनिक अधिकारी उदासीन रह रहे हैं। जिस कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन स्थानों पर जाम का बड़ा कारण सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों का अतिक्रमण है। जिसे हटाने में प्रशासन की कोई दिलचस्पी नहीं है। वहीं एस एन सिन्हा कॉलेज मुख्य सड़क से मात्र कुछ फासले की दूरी पर स्थित है।उस रास्ते में परीक्षार्थियों तथा अभिभावकों द्वारा बाइक को जैसे तैसे तरीके से खड़ा कर दी जाती है। जिस कारण विद्यार्थियों को आने-जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। जबकि पूर्व में आयोजित परीक्षा के दौरान कॉलेज जाने वाले वाली गली के मुहाने पर बास बल्ला लगा दिया जाता था। जिस कारण बाइक बगल में पीडब्ल्यूडी डाक बंगला तथा सीएचसी के मैदान में खड़ी किया जाता था। जिस कारण विद्यार्थी तथा गली में रह रहे लोगों तथा विद्यार्थियों को पैदल आने जाने में परेशानी नहीं होती थी। इस संबंध में पूछे जाने पर एस एन सिन्हा के परीक्षा नियंत्रक डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले परीक्षा के दौरान लगाया गया बास अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। जिस कारण कॉलेज की गली में बाइक रोकने के लिए इस बार बास नहीं लगाया गया है।

## रजौली : तेज आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से रजौली में तबाही, कई मकानों पर गिरे पेड़ और हाई मास्ट लाइट

**लोकतंत्र की आवाज**





**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की शाम अचानक आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई। तेज हवा से कई जगह पेड़-पौधे उखड़कर गिर गए, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई मकान क्षतिग्रस्त हुए और सड़क मार्ग भी बाधित हो गए। सिरोडाबर पंचायत के बौढी कला गांव में शिवानंद यादव के पुत्र प्रदीप यादव के करकट नुमा मकान पर विशाल पेड़ गिर गया। मकान क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन गृहस्वामी बाल-बाल बच गए। पीड़ित परिवार ने सीओ से मुआवजे की मांग की है। गया-रजौली रोड एसएच-70 पर दुलरपुरा के पास बीच सड़क पर पेड़ गिरने से घंटों यातायात बाधित रहा। बाद में जेसीबी मशीन से पेड़ हटाकर आवागमन बहाल किया गया। महादेव मोड़ निवासी प्रकाश पंडित के घर पर भी बड़ा पेड़ गिर गया। इससे मकान की छत फट गई और कमरे में रखा पंखा व टीवी टूट गया। पीड़ित ने करीब एक लाख रुपये की क्षति बताई है। आंधी-पानी से किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। रजौली नगर पंचायत के वार्ड संख्या 13 स्थित मोबिनपुर गांव में दामोदर यादव के घर पर नगर पंचायत द्वारा लगाई गई हाई मास्ट लाइट गिर गई। नगरवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर रोष जताया। लोगों का कहना है कि भारी खर्च के बाद भी गुणवत्ताविहीन खंभा लगाने के कारण हाई मास्ट लाइट एक हवा का झोंका भी नहीं झेल पाई। प्रखंड कार्यालय परिसर में भी लगभग आधा दर्जन पेड़ गिर पड़े हैं। ब्लॉक रोड में वन विभाग कार्यालय के आसपास कई पेड़-पौधे धराशायी होने से लोगों में दहशत है। हरदिया के सेक्टर-ए में बिजली का खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इस संबंध में सीओ मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि पेड़ गिरने से घर टूटने पर आपदा प्रबंधन की ओर से कोई राशि नहीं दी जाती, बल्कि जान-माल के नुकसान पर ही सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाता है। सीओ ने बताया कि रजौली क्षेत्र में सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने के लिए वन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## औरंगाबाद : नाबालिग छात्रा ने शिक्षक पर लगाया छेड़खानी का गंभीर आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**लोकतंत्र की आवाज**



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर,**

गोह (औरंगाबाद)गोह प्रखंड के उपहारा स्थित आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय से गुरू शिष्य परंपरा को तार-तार कर देने वाली मामला सामने आया है। विद्यालय की एक छात्रा ने स्कूल के शिक्षक पर छेड़खानी का गंभीर आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। देखते ही देखते लोग आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी तथा प्रधानाध्यापक के नीजी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर उपहारा, देवकुंड, गोह व बंदेया थाना से पहुंची पुलिस ने बीएमपी के जवानों के साथ स्थिति पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आक्रोशित शिक्षक के गिरफ्तारी के मांग पर अड़े रहे। घटना के बारे में बताया जाता है कि उक्त विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक राहुल शर्मा ने छात्रा को टीसी (स्कूल परित्याग पत्र) देने के लिए अपने नीजी आवास पर बुलाया था। जब छात्रा पहुंची तो उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। घटना एक माह पहले की बताई जाती है। जब छात्रा ने विरोध किया तो शिक्षक द्वारा यह बात किसी को नहीं बताने की हिदायत दी गई। पीड़ित छात्रा ने बताया कि इस बात की जानकारी सबसे पहले अपने परिजनों को दी। वहीं दो चार दिन बाद उक्त छात्रा को पूर्व के एक घटना में पुछताछ के लिए बुलाया गया था तो शिक्षक की शिकायत पुलिस से कही थी। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने बताया कि एक शिक्षक द्वारा छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। आरोपी शिक्षक राहुल शर्मा ने बताया कि छात्रा द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। छात्रा अर्द्धवार्षिक परीक्षा में नहीं शामिल हुई थी। क्योंकि उस समय वह पुलिस अभिरक्षा में थी। जांच-पड़ताल के बाद टिसी देने की बात कही थी। गौरतलब हो कि उक्त छात्रा के अपहरण के मामले में पीछले वर्ष कांड संख्या 126/25 अंकित की गई थी। 17 जनवरी 2026 को छात्रा अपनी मां के साथ उपहारा थाना पहुंची थी।

## चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई अस्थाई दुकानें हटाई गईं

**लोकतंत्र की आवाज**

**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाऊदनगर ओबरा**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** अनुमंडल प्रशासन के द्वारा शुक्रवार को दाउदनगर शहर में अतिक्रमण हटाओ विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान भखरुआं मोड़ सहित मुख्य सड़कों के किनारे किया गया। जहां सड़क पर लगाए गए अस्थाई दुकानों, टीन शेड एवं अन्य अवैध संरचनाओं को हटाया गया। अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन के निर्देश पर अंचल अधिकारी शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया। मौके पर दाउदनगर थाना की पुलिस टीम, परिवहन विभाग एवं नगर परिषद कर्मी भी मौजूद रहे। जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपनी अस्थाई संरचनाएं हटानी शुरू कर दीं। प्रशासन द्वारा पूर्व में ही सार्वजनिक सूचना जारी कर दुकानदारों एवं अतिक्रमणकारियों को 14 मई तक अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। नोटिस में स्पष्ट कहा गया था कि दाउदनगरझपटना सड़क (ठल्र-139), दाउदनगरझगया सड़क (ठल्र-120), दाउदनगरझ औरंगाबाद सड़क तथा दाउदनगर मौलाबाग मार्ग पर सड़क किनारे किए गए अस्थाई अतिक्रमण को नहीं हटाने पर 15 मई को पुलिस बल के साथ कार्रवाई की जाएगी। अंचल अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी सूचना में यह भी कहा गया था कि कार्रवाई के दौरान जेसीबी एवं अन्य मशीनों से होने वाली क्षति के लिए संबंधित अतिक्रमणकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।



अभियान के दौरान सड़क पर कुछ देर के लिए आवागमन प्रभावित रहा, हालांकि पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति सामान्य बनी रही। प्रशासन ने कहा कि सड़क जाम एवं यातायात बाधा को देखते हुए आगे भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। इधर, अभियान के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जुर्माना भी वसूला गया। परिवहन विभाग द्वारा कुल 49,500 रुपये तथा पुलिस विभाग द्वारा 19,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार कुल 68,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## ओबरा: तेजपुरा पंचायत के विकास हेतु समाजसेवी ने स्थानीय विधायक प्रकाश चंद्र को सौंप ज्ञापन

**लोकतंत्र की आवाज**



**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाउदनगर,**

**ओबरा (औरंगाबाद)** प्रखंड के तेजपुरा पंचायत निवासी समाजसेवी सौरभ सिंह उर्फ संतोष सिंह यादव ने ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र से मुलाकात कर पंचायत की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर आवेदन सौंपा। समाजसेवी सौरभ सिंह ने तेजपुरा पंचायत में हाई स्कूल भवन निर्माण की मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र के छात्रों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय भवन का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही ग्राम जमुहारा में जर्जर हो चुकी सड़क के निर्माण की मांग भी विधायक के समक्ष रखी गई, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके। इस दौरान विधायक प्रकाश चंद्र ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक प्रकाश चंद्र आम लोगों से सहजता से मिलते हैं, उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हैं तथा जहां तक संभव हो, समस्याओं के समाधान का प्रयास भी करते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं को लेकर उनसे सीधे संपर्क करते हैं।मौके पर पंचायत के कई ग्रामीण एवं समर्थक भी उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की आवाज
रोहतास
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजीटल समाचार पत्र
नवादा, शनिवार, 16 मई 2026
07

## संक्षिप्त खबरें ।

### पुलिस ने गोलीकांड के मुख्य अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। दिनांक-09 .05 .2026 को रात्रि में समय करीब 09 :00 बजे बड्डी थानान्तर्गत ग्राम बड्डुआ में गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष बड्डी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं घटनास्थल पर एफ0एस0एल0 टीम को बुलाया गया। घटनास्थल से 04 खोखा बरामद किया गया एवं ज्ञात हुआ कि दीपक बिन्द पिता रामराज बिन्द, ग्राम बडूआ को गोली मारकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया गया है, जिसे सासाराम अस्पताल ले जाया गया। जहाँ से हायर सेन्टर रेफर किया गया। इस संदर्भ में बड्डी थाना में कांड सं0 95/26, दिनांक 10 .05 .2026 को दर्ज कराया गया है। छापामारी के क्रम में घटना में शामिल अभियुक्त 1. ओमप्रकाश चौबे उर्फ मुन्ना चौबे पिता अयोध्या चौबे ग्राम बड्डुआ थाना बड्डी जिला रोहतास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस अधीक्षक रोहतास के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम-1 के नेतृत्व में उक्त घटना के मुख्य अभियुक्त 1. कमल यादव उर्फ कमल बहादुर उम्र 42 वर्ष पिता जगमोहन यादव, ग्राम फलवरिया, थाना बड्डी, जिला रोहतास के विरूद्ध कराए जा रहे लगातार छापामारी के दबाव में आकर दिनांक 12 .05 .2026 को माननीय न्यायालय में आत्मसमपर्ण किया, जिसके न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जिसे थानाध्यक्ष बड्डी थाना द्वारा दिनांक 13 .05 .2026 को पुलिस रिमांड पर लेकर घटना में फायरिंग किए गए अग्नेयास्त्र के संबंध में पूछताछ करने पर उसके निशानदेही के आधार पर दिनांक 14 .05 .2026 को घटनास्थल पर से फायरिंग करने के बाद भागने के दिशा में अपने घर से महज 200 मीटर की दूरी पर बाँसबाड़ी से 01 देशी कट्टा तथा 01 जिन्दा कारतूस को बरामद किया गया। घटना में शामिल अन्य 03 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया जा रहा है।

### बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट बिषय पर चार दिवसीय कार्यशाला का समापन



लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के एनेस्थीसिया विभाग के तत्वावधान में विगत 12 मई से चल रहे बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट विषय पर कार्यशाला का आज समापन हो गया ।चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यशाला में एनेस्थीसिया विभाग के अस्सी स्नातकोत्तर छात्रों ने बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट के विभिन्न आयामों पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञों से इसकी बारीकियों को सीखा। उपरोक्त जानकारी देते हुए नारायण मेडिकल कॉलेज के एनेस्थीसिया विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर हृदय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में आई.आर.सी.एफ. कोर्स के निदेशक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर चक्र राव ,पटना के निदेशक डॉक्टर नितिन ओझा, राष्ट्रीय आई आरसीएफ संकाय के डॉक्टर नीरज कुमार, डॉ तनवीर कमर आदि ने उपरोक्त विषय के आलोक में चिकित्सा स्नातकोत्तर छात्रों को इसके गुर सीखाये एवं उनके प्रश्नों के उत्तर से उन्हें संतुष्ट किया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के सलाहकार डा महेंद्र कुमार सिंह,नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ पुनीत कुमार सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनोद कुमार सिंह, उपाधीक्षक डॉ अभिषेक कमेन्दु आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कुल सचिव अजय कुमार सिंह, अमित कुमार, राकेश कुमार ,प्रवीण कुमार, रविंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, पुष्कल रंजन ,लवकुश कुमार आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### पुलिस ने एक इश्तिहार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। काराकाट पुलिस ने एक इश्तिहार वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बेदवलिया निवास सुकर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से इश्तिहार वारंट निर्गत था ।

### मारपीट मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। पुलिस ने मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णनाथडीह निवासी रवि रंजन कुमार उर्फ रवि कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 203/25 के आलोक में मारपीट करने का मामला दर्ज था ।

### भक्ति और आस्था के रंग में डूबा महुअरी, मां काली के वर्षगांठ समारोह में उमड़ा जनसैलाब



लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महुअरी स्थित मां काली मंदिर प्रांगण शुक्रवार को भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम बन गया,जहां मां काली का वर्षगांठ समारोह पूरे श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया । मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण मां के जयकारों से भक्तिमय हो उठा ।समस्त ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित अखंड संकीर्तन ने पूरे गांव को भक्ति रस में सराबोर कर दिया । संकीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों और मां के गुणगान से श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे । इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न कराया गया,जिसमें गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई । वर्षगांठ समारोह को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला । आयोजन के उपरांत ग्रामीणों के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया,जहां हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक मां का प्रसाद ग्रहण किया । मंदिर परिसर में सेवा,समर्पण और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बनी रही तथा गांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। मौके पर समस्त ग्रामीण जनता, गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के जिला कार्यालय का किया गया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन रोहतास के जिला कार्यालय का सराय, सासाराम में उद्घाटन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलोन के कर- कमलों द्वारा संपन्न हुआ। नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के जिला सचिव योगेन्द्र प्रसाद सिंह के नवनिर्मित भवन ३देवनारायण कुंजर३ में संगठन का जिला कार्यालय का विधिवत उद्घाटन नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलोन ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी एवं राष्ट्रीय सचिव बच्चन कुमार पांडेय के द्वारा जगदेव प्रसाद अंतर राज्यीय बस स्टैंड बेदा के पास सराय में किया गया। इस उद्घाटन भाषण में रामायण पांडेय एलोन ने कहा कि संगठन के जिला सचिव योगेन्द्र प्रसाद सिंह के पूज्य पिता स्व देवनारायण सिंह के नाम से प्रसिद्ध ३देवनारायण कुंजर३ में संगठन के जिला कार्यालय का आज उद्घाटन किया हूं। मैं कामना करता हूं इससे जिला का संगठन मजबूत होगा। इस उद्घाटन समारोह में नवादा से आए राष्ट्रीय महासचिव बच्चन कुमार पांडेय, पटना से आए राष्ट्रीय संयुक्त सचिव के.के. झा एवं राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रदेश संयोजक स्वामी गगनानंद जी का मैं स्वागत करता हूं। उद्घाटन समारोह में उपस्थित महासचिव रामायण पांडेय एलोन, राष्ट्रीय सचिव बच्चन कुमार पांडेय, जिला अध्यक्ष सुग्रीव प्रसाद सिंह, श्रीमती अनीता सिंह, शुभम प्रियदर्शी, शिवम, सोनम, वीर कुंवर सिंह, देवमुणि सिंह, के. के.झा, सत्यनारायण स्वामी, स्वामी गगनानंद जी , प्रोफेसर महेंद्र सिंह, योगेन्द्र प्रसाद सिंह, शिवपूजन शर्मा, रामायण चौबे, डा.हकीम सुज्जमा, सूर्यनाथ सिंह, चन्द्र किशोर अहीर सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का जिला सहकारिता पदाधिकारी ने किया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज




**सासाराम।** रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शानदार आगाज शुक्रवार को जिला मुख्यालय सासाराम के एसपी जैन महाविद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला सहकारिता पदाधिकारी नमन प्रकाश ने गुब्बारा उड़ाकर तथा खिलाड़ियों के द्वारा मार्च-पास्ट की सलामी लेकर तथा मशाल जलाकर किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में एसपी जैन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार सिंहा, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार राय, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में खिलाड़ियों द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया गया। इस बारे में विशेष जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक संघ के सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों से लगभग 500 बालक और बालिका एथलीटों ने विभिन्न आयु वर्गों में हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में आयोजन समिति के अध्यक्ष सह रोहतास जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने अपने स्वागत संबोधन में आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सर्वप्रथम जिला एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव कुश कुमार त्रिपाठी एवं कोषाध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने मंचासिन अतिथियों का स्वागत बुके द्वारा किया। जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष द्वारा सभी आगत अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। प्रतियोगिता की पहली स्पर्धा बालकों के अंडर 16 आयु वर्ग के 600 मीटर दौड़ की स्पर्धा से आरंभ किया गया जिसमें श्री कृष्णा क्लब चितौली के सनी कुमार ने प्रथम स्थान, केंद्रीय विद्यालय सासाराम के धीरज कुमार ने द्वितीय स्थान, अकोढी गोला के पवन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में जगोडीह की आराध्य राज ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय शिवपुर की चांदनी कुमारी ने द्वितीय स्थान और गांधी स्मारक उच्च माध्यमिक विद्यालय पचपोखरी की ज्योति कुमारी ने

तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक अंडर 12 आयु वर्ग में 60 मीटर की दौड़ में बाल विकास विद्यालय सासाराम के हर्षित सिंह ने प्रथम स्थान, द डीपीएस बिक्रमगंज के रामजी सिंह ने द्वितीय स्थान और मध्य विद्यालय बौलिया के वीरेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका अंडर 12 आयु वर्ग में विनायदा अकेडमी बिक्रमगंज के सृष्टि मिश्रा ने प्रथम स्थान, ऑक्सफोर्ड कान्वेंट स्कूल के आरोही सिंह ने द्वितीय स्थान और केंद्रीय विद्यालय,सासाराम के शिवांशी सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालकों के अंडर 14 आयु वर्ग के ट्रायथलोंन ए ग्रुप में विनायदा अकेडमी, बिक्रमगंज के अनुज कुमार ने प्रथम स्थान डी ए वी सेमरा के सत्यम कुमार ने द्वितीय स्थान और द डीपीएस बिक्रमगंज के प्रिंस कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।वहीं इसी बालिका वर्ग की स्पर्धा में संत अन्ना हाई स्कूल सासाराम की आराध्या कुमारी ने प्रथम स्थान, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सिमरी की रुनी कुमारी ने द्वितीय स्थान और हाई स्कूल दरिगांव की आफसीन बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया,ट्राइथॉलोन सी ग्रुप के बालक वर्ग में केंद्रीय विद्यालय सासाराम के अमित कुमार ने प्रथम स्थान डी ए वी कट्टार के अरविंद कुमार ने द्वितीय स्थान और द डीपीएस बिक्रमगंज के अभी राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।वहीं बालिका वर्ग में संत अन्ना हाई स्कूल सासाराम की सुमन कुमारी में प्रथम स्थान, उच्च विद्यालय दरीगांव की ज्योति कुमारी ने द्वितीय स्थान और मध्य विद्यालय पैगा कि अमृता कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ट्राइथॉलोन बी ग्रुप के बालक वर्ग में द डीपीएस बिक्रमगंज के अभिनव राज ने प्रथम स्थान विनायदा अकेडमी बिक्रमगंज के अभिषेक मिश्रा ने द्वितीय स्थान और ऑक्सफोर्ड कान्वेंट स्कूल सासाराम के जीतू कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में के के उच्च विद्यालय संझौली की सनोली कुमारी ने प्रथम स्थान संत अन्ना सासाराम की अंशु कुमारी ने द्वितीय स्थान और संत अन्ना सासाराम की ही आकृति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रतियोगिता में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर ओवरऑल चैंपियन, ग्रुप चैंपियन और बेस्ट एथलीट सहित सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता का सफल बनाने में तकनीकी प्राधिकारियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही जिसमें सत्येंद्र कुमार, रानू कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार, अंतिम राज, हरेंद्र कुमार, राणा प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार, नैंसी कुमारी, सुरेंद्र कुमार, राकेश वर्मा, नीरज कुमार, हरेंद्र कुमार, करण कुमार, जयप्रभा,प्रियंका कुमारी, कुसुम, अखिलेश कुमार राकेश कुमार राय आदि शामिल रहे। जिला सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा जो जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# चेनारी: बीजापुर नक्सल विरोधी अभियान में शहीद हुए जवान दिलीप कुमार पासवान के आश्रितों को मिली 21 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ/दिनेश तिवारी
**चेनारी।** बीजापुर नक्सल विरोधी अभियान में शहीद हुए रोहतास के जवान दिलीप कुमार पासवान के आश्रितों को मिली 21 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड अंतर्गत सेमरी गांव निवासी शहीद जवान दिलीप कुमार पासवान के परिजनों को बिहार सरकार की ओर से 21 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई है। यह सहायता राशि राज्य सरकार द्वारा शहीद जवान के परिवार के प्रति सम्मान, संवेदना एवं सहयोग के रूप में दी गई है।

ज्ञात हो कि सिपाही/जीडी दिलीप कुमार पासवान आरक्षी केंद्र के बल संख्या 196 बलवाहिनी में पदस्थापित थे। 23 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के महादेव घाटी क्षेत्र में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अवस्था में उन्हें बेहतर इलाज के लिए नई दिल्ली स्थित एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली थी।

बिहार सरकार के सैनिक कल्याण निदेशालय के निर्देश के आलोक में शहीद जवान के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस संबंध में अंचल अधिकारी चेनारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता सासाराम एवं अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम द्वारा आवश्यक जांच एवं अनुशंसा की गई, जिसके उपरांत सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। शहीद जवान के माता-पिता की सहमति के बाद वरीय उप समाहर्ता श्री ओम प्रकाश लाल एवं अंचल पदाधिकारी के हाथों उनकी पत्नी श्रीमती अनीता देवी को 21 लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगों ने बिहार सरकार द्वारा दी गई सहायता राशि को शहीद परिवार के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का प्रतीक बताया। ग्रामीणों ने कहा कि जवान दिलीप कुमार पासवान ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

# एक युवक का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से इलाके में सनसनी

लोकतंत्र की आवाज

**बिक्रमगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुक्तिगंज गांव में गुरुवार की देर शाम एक युवक का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई । युवक का शव उसके ही घर से बरामद किया गया । गले पर रस्सी के निशान मिलने के बाद मामला और भी रहस्यमय हो गया है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है । मृत युवक की पहचान मुक्तिगंज निवासी नंदू सिंह के 18 वर्षीय पुत्र डब्लू कुमार के रूप में हुई है ।

घटना की सूचना मिलते ही बिक्रमगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची । प्रभारी थानाध्यक्ष बिट्टू लाल रंजन ने बताया कि पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो युवक का शव जमीन पर पड़ा हुआ था । जांच के दौरान युवक के गले पर रस्सी के निशान पाए गए है ।प्रभारी थानाध्यक्ष के अनुसार मृतक के पिता ने बताया कि युवक के गले में रस्सी बंधी हुई थी,जिसे उन्होंने खुद खोल दिया था । पुलिस ने उक्त रस्सी को जब्त कर लिया है । उन्होंने यह भी कहा कि प्रथम दृष्टया मृतक के पिता की मानसिक स्थिति सामान्य प्रतीत नहीं हो रही थी । पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया । मृतक के परिजनों के फर्दबयान के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है । परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक की हत्या कर शव को घर में फेंक दिया गया । प्रभारी थानाध्यक्ष बिट्टू लाल रंजन ने बताया कि घटना आत्महत्या है या हत्या,इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा । अभी जांच चल रही है।

# किसान रजिस्ट्री से किसानों को मिलेंगे अनेक लाभ : डीएम उदिता सिंह

लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। जिला प्रशासन रोहतास द्वारा जिले के सभी किसानों से अपील की गई है कि वे शीघ्र अपना किसान रजिस्ट्री पंजीकरण कराएं, ताकि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पारदर्शी एवं सरल तरीके से प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह ने कहा कि किसान रजिस्ट्री व्यवस्था किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे किसानों को उर्वरक खरीद, फसल अधिप्राप्ति, फसल बीमा, कृषि ऋण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिलेगा।

उन्होंने बताया कि किसान रजिस्ट्री होने से किसानों को उर्वरक खरीद प्रक्रिया में काफी सुविधा होगी। किसान मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन खाद बुकिंग कर सकेंगे तथा QR कोड आधारित प्रणाली के जरिए अधिकृत दुकानों से आसानी से उर्वरक प्राप्त कर पाएंगे। इससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि पंजीकृत किसानों को PM-KISAN सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे एवं शीघ्रता से प्राप्त होगा। सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि और योजनाओं का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचाने में किसान रजिस्ट्री महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने बताया कि धान, गेहूं एवं अन्य फसलों की अधिप्राप्ति प्रक्रिया में भी किसान रजिस्ट्री अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। PACS के माध्यम से फसल खरीद प्रक्रिया अधिक सरल एवं पारदर्शी बनेगी तथा पंजीकृत किसानों को भुगतान भी तेजी से प्राप्त होगा। डीएम उदिता सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सुखाड़ अथवा अन्य आपात स्थितियों में सही किसानों की पहचान कर शीघ्र सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराने में किसान रजिस्ट्री सहायक होगी। इससे राहत वितरण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और समयबद्ध बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसान रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को बैंक एवं सहकारी समितियों से KCC तथा अन्य कृषि ऋण प्राप्त करने में आसानी होगी। किसानों की पहचान और दस्तावेजी प्रक्रिया सरल होने से ऋण स्वीकृति में तेजी आएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसान रजिस्ट्री व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगेगी। सरकारी सहायता वास्तविक किसानों तक पहुंचेगी और भ्रष्टाचार में कमी आएगी। जिला प्रशासन रोहतास द्वारा सभी प्रखंडों में किसान रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है। किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने नजदीकी कृषि कार्यालय, PACS, कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) अथवा संबंधित विभागीय कार्यालय में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शीघ्र पंजीकरण कराएं। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने जिले के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान रजिस्ट्री केवल एक पंजीकरण प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि और कृषि विकास की मजबूत आधारशिला है। सभी किसान आगे आएं, अपना पंजीकरण कराएं तथा सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर आत्मनिर्भर एवं समृद्ध कृषि व्यवस्था के निर्माण में सहभागी बनें।

# शीशे के पीछे छुपता सच: पेपर लीक सिर्फ परीक्षा नहीं, भरोसे की हत्या है

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ/दिनेश तिवारी
**सासाराम।मजदूर पिता का पसीना** सूखा, तब जाकर बेटे के हाथ में कलम आई थी। माँ ने रोटी की थाली से निवाला घटाकर कोचिंग की फीस भरी थी। और फिर एक सुबह खबर आई – पेपर लीक हो गया। एक झटके में किसी 'साहब' ने उस दुनिया को जला दिया जिसे बनाने में एक परिवार ने अपनी पूरी उम्र खपा दी थी। नीट सिर्फ तीन घंटे का इम्तहान नहीं है। यह लाखों घरों की छतों पर टंगे सपनों का नाम है। यह वह उम्मीद है जिसके लिए गाँव का बच्चा रात 2 बजे तक लालटेन में पढ़ता है, और शहर का छात्र मेट्रो में फॉर्मूले दोहराता है। जब व्यवस्था की सेंध से प्रश्नपत्र टेलीग्राम पर बिकता है, तो वह कागज नहीं बिकता बाप की कमाई नीलाम होती है, छात्र की पढ़ाई नीलाम होती है।

सवाल सिर्फ 'किसने लीक किया' का नहीं है। सवाल यह है कि हर बड़े इम्तहान के बाद सरकार के माथे पर शिकन तक क्यों नहीं आती? क्यों हर बार जाँच कमेटी बनती है, प्रेस नोट छपता है, और फिर फाइल ठंडे बस्ते में चली जाती है? शीशा चढ़ाकर, कैमरे के सामने चुप्पी ओढ़कर जिम्मेदारी से भागना अब चलन बन गया है। गाड़ी भगाने से गुनाह नहीं छुपते, साहब। देश पूछ रहा है युवाओं के भविष्य का सौदा आखिर कब तक? पेपर लीक तकनीकी चूक नहीं, नैतिक दिवालियापन है। जब मेहनत का विकल्प पैसा बन जाए, जब मेधा की जगह दलाल ले लें, तो समाज अपने बच्चों को क्या संदेश दे रहा है? कि ईमानदारी हार जाती है? कि जुगाड़ जीत जाता है? यह संदेश एक पीढ़ी को अपराधी बना देगा व्यवस्था से नफरत करने वाली, सिस्टम कोसने वाली पीढ़ी।

सपनों का कत्ल हुआ है, और व्यवस्था मौन है। यह मौन सबसे बड़ा अपराध है। क्योंकि मौन सहमति बन जाता है। अगर आज हमने आवाज नहीं उठाई, तो कल कोई और पिता अपने बेटे की राख समेटेगा, कोई और माँ अपनी तपस्या को कोसेगी।

**रास्ता क्या है? :** 1.जवाबदेही तय हो: पेपर बनाने से लेकर सेंटर तक, हर कड़ी का अफसर निजी तौर पर जिम्मेदार बने। लीक हुआ तो नौकरी जाए, पेंशन रुके। 2.टेक्नोलॉजी नहीं, नीयत बदलो: एन्क्रिप्टेड पेपर, AI सर्विलांस सब बेकार है अगर भेजने वाला ही बेचने वाला है। 3.फास्ट ट्रैक सजा: लीक के आरोपी को 6 महीने में सजा हो। सालों केस चलाकर अपराधी हीरो बन जाते हैं। 4.छात्रों का पुनर्वास: परीक्षा रद्द होने पर मानसिक काउंसलिंग, फीस वापसी और अगली परीक्षा में उम्र-सीमा में छूट कानूनी हक बने।

# नर्स दिवस 2026 बड़े उत्साह के मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज में 15 मई 2026 को व्याख्यान कक्ष में बड़े उत्साह और पेशेवर भावना के साथ सफलतापूर्वक 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2026' मनाया। इस कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्वागत गीत, दीप प्रज्ज्वलन समारोह, थीम का अनावरण, पुरस्कार वितरण और गणमान्य व्यक्तियों तथा अतिथियों द्वारा प्रेरक संबोधन शामिल रहा।

प्रोग्राम में कई एकेडमिक और कल्चरल एक्टिविटीज़ शामिल थीं, जैसे डिबेट कॉम्पिटिशन, क्विज़ कॉम्पिटिशन, वेलकम सॉन्ग, लैंप लाइटिंग सेरेमनी, थीम अनफोल्डिंग, प्राइज़ डिस्ट्रीब्यूशन, और जाने-माने लोगों और मेहमानों के मोटिवेशनल भाषण से भी छात्र लाभान्वित हुए।

विश्वविद्यालय के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों प्रो-चांसलर गोविंद नारायण सिंह, कुलपति प्रो. डॉ. जगदीश सिंह, कुलाधिपति के सलाहकार डॉ. एम.के. सिंह, कुलसचिव डॉ. कुमार आलोक प्रताप के साथ-साथ नर्सिंग जगत के अग्रणी नेताओं, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने बढ़ाई। विशिष्ट मुख्य अतिथि सुश्री ऋतु कुमारी (नर्सिंग सलाहकार, बी एन आर सी पटना) और सम्मानित अतिथि सुश्री सीमा प्रसाद (नर्सिंग अधीक्षक, एन एम सी एच, जमुहार) ने स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को नर्सिंग कार्यप्रणाली में समर्पण, करुणा और पेशेवर नैतिकता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री आर. श्रीनिवासन और सुश्री अंजू सिंह (नारायण नर्सिंग कॉलेज की एस एन ए आई इकाई) ने डीन-सह-प्राचार्य प्रो. डॉ. के. लता और उप-प्राचार्य प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा के मार्गदर्शन में इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह का समापन वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण, धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने इस कार्यक्रम को सभी प्रतिभागियों के लिए यादगार और प्रेरणादायक बना दिया।

# राजकीय आईटीआई तुम्बा में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव संपन्न, 15 अभ्यर्थी का हुआ चयन

लोकतंत्र की आवाज

■ विभिन्न ट्रेड के प्रशिक्षुओं ने लिया भाग, साक्षात्कार के आधार पर हुआ चयन

**रोहतास।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (एलडब्ल्यूई) तुम्बा, रोहतास में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने संस्थान पहुंचकर प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार लिया तथा योग्यता के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया। प्लेसमेंट ड्राइव में संस्थान के विभिन्न ट्रेड के वर्तमान एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।संस्थान प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान तकनीकी दक्षता, व्यवहारिक ज्ञान एवं साक्षात्कार प्रदर्शन के आधार पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया गया।

चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुल 15 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों के लिए चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को जल्द ही नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराया जाएगा ।प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि संस्थान लगातार प्रशिक्षुओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर रहा है। इससे प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और तकनीकी कौशल के बल पर युवा अपने बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं ।कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सभी अनुदेशक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संस्थान परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव को लेकर प्रशिक्षुओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

# दुनिया में महाविनाश का संकट : जे पी पांडेय

लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के नेता सह झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने अमरीका और चीन के साथ हुई वार्ता के अच्छे संकेत नहीं है, घड़ियों का सूई टिक टिक कर आगे बढ़ रही है, पश्चिम एशिया में विध्वंश का खतरा बढ़ता जा रहा है,ईरान पर परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ता जा रहा है,ईरान को लगातार अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दी जा रह धमकियों के कारण परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ता जा रहा है।

पश्चिम एशिया बारूद के ढेर पर बैठा है ,वास्तव में अमेरिकी राष्ट्र पति ट्रंप ईरान का सफाया करना चाहते है ,जिसके कारण पूरी दुनिया पर महायुद्ध का खतरा मंडराता जा रहा है, अमेरिका और इजरायल दूसरे चरण के युद्ध के लिए तैयार है जो महायुद्ध कभी भी शुरू हो सकता हैं,,ऐसे परिस्थिति में भारत अपनी तैयारी शुरू कर दिया है, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भारत में ऊर्जा के उपयोग में कमी लाना शुरू कर दिया है, स्वयं ही पीएम अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या घटाकर मात्र दो गाड़ी कर दिया है,जिसके कारण भारत में भाजपा शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री मोटरसाइकिल और पैदल चल कर अपने कार्यालय जाना शुरू कर दिया है और अपने काफिले से सुरक्षा गार्डों की कमी की का रही है, यूपी के यशस्वी सीएम श्री आदित्य नाथ योगी जी ने अपने घरों में वल्व,पंखे गाड़ियों,AC, बिजली,पेट्रोल,डीजल और एलपीजी पर कंट्रोल करने का आग्रह किया है ,जो सराहनीय कार्य है ,भारत के यशस्वी पीएम श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के ऊर्जा शक्ति संतुलन स्थापित करने के लिए दुबई से समझौता कर एलपीजी,पेट्रोल और डीजल सप्लाई का समझौता कर भारत को सुरक्षित करने का विकल्प तैयार कर लिया हैं,प्रधानमंत्री जी पांच देशों की यात्रा वर्तमान उत्पन्न युद्ध की स्थिति में भारतीय ऊर्जा शक्ति को मजबूत करने के लिए देखा जा रहा हैं और उन देशों से भारत का समझौता हो रहा है ।

वर्तमान स्थिति में भारत के यशस्वी पीएम श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ सम्पूर्ण भारत की जनता खड़ी है, परंतु भारत में जिस तरह की गैदरिंग पेट्रोल पंपों पर देखी जा रही है, यह स्थिति चिंतनीय है, पेट्रोल पंपों पर आंदोलन और आग लगाना समस्या का निदान नहीं है,इससे तो राष्ट्र को ही क्षति है, भारत का इतिहास रहा हैं कि जब जब राष्ट्र पर किसी भी प्रकार की संकट आई है, भारत की जनता ने अपनी पूरी शक्ति के साथ तन मन और धन से राष्ट्र की रक्षा की है, वर्तमान समय में भी हमें उसी अंदाज में अपनी पहचान दिखानी है ,अपने स्कूल, कॉलेज, ऑफिस और कार्यालयों में अधिकांश कार्य ऑनलाइन करने की आदत डालनी है, कोर्ट में भी ऑनलाइन डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठाकर फैसले सुनने से भारत के ऊर्जा शक्ति की बचत होगी और वर्तमान के वैश्विक युद्ध में हम अपने देश को सुरक्षित रखने में कामयाब होंगे और हमारी ऊर्जा भी संरक्षित रहेगी और किसी कार्य के लिए हमें दूसरों पर निर्भर रहना नहीं पड़ेगा, जैसा कि हम करोना के समय में दुनिया को दिखा चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सहयोग शिविर में विभिन्न समस्याओं के लिए 200 से अधिक आवेदन हुआ जमा



लोकतंत्र की आवाज

चांद। प्रखंड में बिहार सरकार के आदेशानुसार गोंई पंचायत में आयोजित प्रथम सहयोग शिविर को लेकर तैयारी पुरी की जा रही है। सहयोग शिविर में बिहार सरकार की सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आम लोगों ने 200 से अधिक आवेदन जमा कर दिया है। इस संबंध में बीडीओ मो हदीद ख़ान ने कहा आम लोगों के द्वारा दिए गए आवेदनों पर कारवाई की जा रही है। उन्होंने ने कहा सभी प्राप्त आवेदनों पर 19 सहयोग शिविर में निष्पादन कर दिया जाएगा। बीडीओ ने कहा पंचायत भवन गोंई में आयोजित सहयोग शिविर में बिहार सरकार की सभी सेवाओं के लिए अलग अलग काउंटर खोले जाएंगे। उन्होंने ने कहा टेंट पेयजल बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था रहेगी। बीडीओ ने कहा सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित निष्पादन किया जाएगा। बीडीओ ने कहा नई सरकार के पहले सहयोग शिविर को लेकर प्राशसनिक हलकों में बड़ी चर्चा देखी जा रही है।

### जन गणना कार्य में लगे शिक्षकों ने पढ़ाई से किया किनारा, शिक्षा व्यवस्था चरमराई



लोकतंत्र की आवाज

चांद। प्रखंड में जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों के द्वारा विद्यालय में छात्रों को नहीं पढाए जाने से शिक्षा व्यवस्था पुरी तरह चरमरा गई है। भारत के जनगणना अभियान में प्रगंणक में शिक्षकों की संख्या अधिक है। शिक्षा विभाग के गाइडलाइन के अनुसार प्रगंणक में प्रतिनियुक्त शिक्षक विद्यालय में पढ़ाई पुरी करने के बाद ही मकान गणना करेंगे। प्रगणंक में बहाल शिक्षक विद्यालय में हाजिरी बनाकर गायब हो जा रहे हैं प्रधानाचार्य के द्वारा कहने पर कहते हैं की जनगणना करने जा रहे हैं। प्रगणंक में दर्जनों शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया गया है प्रतिदिन विद्यालय से शिक्षक फरार हो जा रहे हैं। जिससे छात्रों की पढ़ाई पुरी तरह बाधित हो जा रही है। शिक्षकों के द्वारा शिक्षा विभाग के गाइडलाइन को नहीं ध्यान में रखा जा रहा है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रभात कुमार विद्यालय में छात्रों की पढ़ाई को लेकर लापरवाह बने हुए हैं।इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रभात कुमार से सरकारी नंबर से बात करने का प्रयास किया गया उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। भारत जनगणना के प्रथम चरण में प्रशिक्षण खत्म होने के साथ दुसरे चरण में मकान गणना शुरू कर दी गई। 252 प्रगंणक एवं 46 सुपरवाइजर के द्वारा 2 मई से जनगणना के दि्वतीय चरण में घर घर जाकर मकान गणना किया जाना है। प्रगणंक एवं सुपरवाइजर के द्वारा मकान गणना कर सुचीकरण कर रहे हैं नजरी नक्शा बनाकर सुपुर्द किया जाना है। इसके लिए अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार खबर लिखे जाने तक प्रगणकों ने 50 प्रतिशत मकान गणना पुरा कर लिया है।

# सरदार पटेल का राष्ट्र-निर्माण चिंतन: एकीकरण व सुशासन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

लोकतंत्र की आवाज




**भभुआ (कैमूर)।** भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद , नई दिल्ली के सहयोग से सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज, भभुआ और आर.के. इंस्टीट्यूट, जद्दूपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य समापन हुआ। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्र-निर्माण चिंतनः एकीकरण, सुशासन एवं नैतिक अर्थव्यवस्था' रहा, जिसके दूसरे दिन विद्वानों ने पटेल के विजन और आधुनिक भारत में उनकी प्रासंगिकता पर गहन विमर्श किया।

**प्रो. लक्ष्मण राय व्याख्यानमाला: प्रशासनिक दृढ़ता पर चर्चा:** द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र का आयोजन 'स्व. प्रो. लक्ष्मण राय व्याख्यानमाला' के रूप में हुआ। सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. संतोष कुमार यादव ने कहा कि पटेल केवल 'लौह पुरुष' ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के वे शिल्पकार थे जिन्होंने व्यावहारिक बुद्धि और प्रशासनिक दृढ़ता का अद्वितीय उदाहरण पेश किया। प्रमुख वक्ताः डॉ. राजकिशोर, डॉ. पवन कुमार, डॉ. ऋषभदेव और डॉ. विनय ने पटेल के राजनीतिक व्यक्तित्व, राष्ट्रीय एकीकरण और जनहितकारी प्रशासन पर अपने शोधपरक विचार रखे। सह-अध्यक्षः डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने पटेल के चिंतन को भारतीय लोकतंत्र की स्थिरता के लिए अनिवार्य बताया।

**द्वितीय सत्रः संघवाद और नैतिक अर्थव्यवस्थाः** दूसरे सत्र में विद्वानों ने पटेल के आर्थिक और संघीय दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने भारतीय संघवाद और प्रशासनिक एकता में पटेल की भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. कल्पना सिंह ने 'नैतिक अर्थव्यवस्था' के संदर्भ में पटेल के नेतृत्व की व्याख्या की। प्रो. कमला सिंह (अध्यक्ष) और डॉ. राकेश मेहता (सह-अध्यक्ष) ने पटेल के विचारों की समकालीन उपयोगिता पर जोर दिया।

**समापन सत्रः इतिहास का पुनर्पाठ आवश्यकः** समापन समारोह में मुख्य वक्ता प्रो. ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय राष्ट्र-निर्माण को समझने के लिए पटेल के योगदान का 'पुनर्पाठ' आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पटेल के लिए एकीकरण कोई राजनीतिक कार्य नहीं, बल्कि एक पवित्र राष्ट्रीय दायित्व था। विशिष्ट अतिथि प्रो. मनोज कुमार राय ने पटेल के दर्शन को भारतीय अस्मिता और प्रशासनिक नैतिकता का संगम बताया।

**समारोह के अन्य मुख्य बिंदुः** अध्यक्षीय संबोधनः डॉ. सीमा पटेल ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियाँ नई पीढ़ी को इतिहास के जीवंत पहलुओं से जोड़ती हैं। मार्गदर्शनः डॉ. श्रीकांत सिंह ने आयोजन की अकादमिक सार्थकता की प्रशंसा की। संचालन एवं प्रबंधनः कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. वंशीधर उपाध्याय एवं डॉ. प्रियंका कुमारी मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अखिलेंद्र नाथ तिवारी और डॉ. बृजराज प्रसाद गुप्ता द्वारा दिया गया।

## जनगणना बनाम शिक्षा विभाग: आदेश, अधिकार और शिक्षकों की दुविधा-डॉ तुलसी प्रसाद सिंह

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ कैमूर।** बिहार में चल रहे जनगणना कार्य के बीच शिक्षकों की स्थिति इस समय अत्यंत दुविधा पूर्ण और संवेदनशील बनी हुई है। एक ओर शिक्षा विभाग के अधिकारी विद्यालय संचालन को प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों को विद्यालय लौटने एवं विद्यालय कार्य अवधि में विद्यालय में कार्य करने का संकेत दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जनगणना कार्य में नियुक्त शिक्षक अभी भी चार्ज अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी के अधीन कार्य कर रहे हैं जिनके आदेशानुसार शिक्षक 31 मई तक विद्यालय से बाहर रह कर कार्य करेगें।ऐसे में शिक्षकों के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह खड़ा हो गया है कि वे आखिर किस आदेश का पालन करें - शिक्षा विभाग का या जनगणना निदेशालय का? यदि शिक्षा विभाग यह निर्देश देता है कि शिक्षक विद्यालय अवधि में विद्यालय लौटें, तब ऐसी स्थिति में चार्ज अधिकारी को भी अपने स्तर से नया आदेश जारी करना चाहिए। क्योंकि जब तक चार्ज अधिकारी का पूर्व आदेश प्रभावी है, तब तक शिक्षक स्वयं अपने स्तर से यह निर्णय नहीं ले सकते कि वे जनगणना कार्य छोड़कर विद्यालय लौट जाएं और उनके आदेश की अवहेलना करें। प्रशासनिक व्यवस्था में आदेश की निरंतरता और वैधानिकता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

यह भी विचारणीय विषय है कि यदि शिक्षक केवल शिक्षा विभाग के आदेश का हवाला देकर जनगणना कार्य से हटने लगेंगे, तब भविष्य में वे इसी तर्क के आधार पर किसी भी समय जनगणना कार्य करने से मना कर सकते हैं कि वे केवल अपने मूल विभाग के आदेश का पालन करेंगे। ऐसी स्थिति में चार्ज अधिकारी एवं जनगणना प्रशासन की उपयोगिता लगभग समाप्त हो जाएगी।

शिक्षक पहले ही दोहरे कार्यभार और प्रशासनिक दबाव के बीच कार्य कर रहे हैं। ऐसे में अस्पष्ट आदेश उन्हें और अधिक असमंजस तथा तनाव की स्थिति में डाल सकता है। इस परिस्थिति में शिक्षकों के लिए सबसे संतुलित और व्यावहारिक रास्ता यही प्रतीत होता है कि वे उस प्राधिकार के स्पष्ट निर्देश की प्रतीक्षा करें जिसके हस्ताक्षर से उन्हें जनगणना कार्य में लगाया गया है। प्रशासनिक स्तर पर भी आवश्यक है कि शिक्षा विभाग और जनगणना निदेशालय आपसी समन्वय स्थापित कर एक संयुक्त एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें ताकि शिक्षकों को भ्रम और अनिश्चितता से मुक्ति मिल सके। समय यह तय करेगा कि इस प्रशासनिक वर्चस्व की लड़ाई में किस पक्ष की व्यवस्था प्रभावी सिद्ध होती है, लेकिन फिलहाल आवश्यकता शिक्षकों के हित, मानसिक संतुलन और प्रशासनिक स्पष्टता को प्राथमिकता देने की है।

## अंचलाधिकारी रामपुर ने बेलावं बाजार से अतिक्रमण हटाने का दिया आदेश



लोकतंत्र की आवाज

**रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलावं बाजार में अंचलाधिकारी रामपुर अनु कुमारी ने बढ़ते अतिक्रमण को लेकर सख्त रूप अपनाया। उन्होंने तत्काल अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया है। बेलावं बाजार रामपुर प्रखंड में स्थित है जहां सड़क और सार्वजनिक जगहों पर दुकानदारों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है जिससे जाम लगने से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बाजार में यातायात को सुगम बनाने और पैदल चलने वालों को राहत देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। अंचलाधिकारी ने स्वयं माइक द्वारा दुकानदारों को आगाह किया कि शुक्रवार तक अतिक्रमण स्वत हटा लें अन्यथा शनिवार 16 मई को बाल का प्रयोग करते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है। अतिक्रमण के कारण बेलावं बाजार में प्रतिदिन जाम की स्थिति बन जाती थी। मौके पर थाना अध्यक्ष परमहंस कुमार अपने दल बल के साथ उपस्थित रहे।

## भभुआ रोड स्टेशन की बदहाली पर भड़के सांसद सुधाकर सिंह: 'सालाना 25 करोड़ का राजस्व, फिर भी विकास कार्य ठप'

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया।** बक्सर से राजद सांसद सुधाकर सिंह ने शुक्रवार को भभुआ रोड रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेशन की जर्जर स्थिति और वर्षों से लंबित विकास कार्यों को देख सांसद ने रेलवे प्रशासन और सरकार के खिलाफ कड़ी नाराजगी जाहिर की।

**प्रमुख बिंदुः निरीक्षण के दौरान सांसद की बड़ी बातेंः** राजस्व के मुकाबले सुविधा शून्यः सांसद ने कहा कि भभुआ रोड स्टेशन रेलवे को सालाना 20 से 25 करोड़ रुपये का राजस्व देता है। इसके बावजूद यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

अधूरे निर्माण का अंबारः पिछले चार वर्षों से कई महत्वपूर्ण योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। प्लेटफॉर्म की मरम्मत तक ठीक से नहीं हुई है।

विकास की कछुआ गतिः निर्माण कार्यों की सुस्त रफ्तार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान गति से यह कहना मुश्किल है कि काम कभी पूरा भी होगा या नहीं।

**विरासत और विकास की उपेक्षाः** निरीक्षण के दौरान भावुक होते हुए सुधाकर सिंह ने कहा "भभुआ रोड स्टेशन मेरे पैतृक क्षेत्र का सबसे नजदीकी स्टेशन है। मेरे पिता जगदानंद सिंह ने इसके आधुनिकीकरण के लिए कड़ा संघर्ष किया था। स्थानीय जनता भी लंबे समय से आवाज उठा रही है, लेकिन व्यवस्था के कान पर जूं नहीं रेंग रही।"

**सरकार पर बोला तीखा हमलाः** सांसद ने केंद्र और राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए विकास के दावों पर सवाल उठाएः'डबल इंजन' सरकार के दावे किए जाते हैं, वहीं भभुआ रोड स्टेशन की हालत इन दावों की पोल खोल रही है। लालू यादव के कार्यकाल का जिक्रः सुधाकर सिंह ने याद दिलाया कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए यहाँ बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू हुए थे, लेकिन उनके बाद अधिकांश परियोजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

# रामपुर प्रखंड: आरडी 84 पर जन औषधि केंद्र का भभुआ विधायक भरत बिंद ने किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज




**रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत आरडी 84 से है जहां शुक्रवार को आरडी 84 स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का भभुआ विधायक भरत बिंद, एवं पक्ष अध्यक्ष जलालपुर संदीप कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया।

विधायक ने कहा कि इस केंद्र से आम लोगों को 50% से 90% तक सस्ती जेनेरिक दवाएं मिलेगी। बीपी, शुगर, हॉट हार्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाएं भी बाजार से काफी कम रेट पर उपलब्ध रहेगी। वहीं केंद्र संचालक ने बताया कि यहां मिलने वाली सभी दवाएं W H O-GMP सर्टिफाइड कंपनियों से आती है। गुणवत्ता ब्रांडेड दवाओं जैसी ही है, सिर्फ कीमत कम है 3600 प्लस दवाई और 200 प्लस सर्जिकल आइटम मिलेंगे।

वही पैक्स अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा की इलाज के अभाव में कोई गरीब दम तोड़े, इसी सोच से पीएम मोदी ने जन औषधि केंद्र शुरू किया रामपुर के लोगों को अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। डॉक्टर से जेनेरिक दवा लिखने का आगरा करें। यह केंद्र सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 तक खुलेगा रविवार को भी खुला रहेगा। मरीज डॉक्टर का पर्चा दिखाकर दवा ले सकते हैं। मौके पर समाज सेवी पिंटू सिंह, विमलेश पांडेय, अनिल सिंह, नि वर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा मनोज जायसवाल सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

> विधायक ने कहा कि इस केंद्र से आम लोगों को 50% से 90% तक सस्ती जेनेरिक दवाएं मिलेगी

## फरमान का दिखा असर : चैनपुर में सहयोग शिविर को लेकर पोर्टल लांच

लोकतंत्र की आवाज

### बीडीओ ने दिया विभिन्न विभागों को दिया आवश्यक निर्देश



**चैनपुर (कैमूर)।** बिहार में नया सरकार नया मुख्यमंत्री यानी बिहार के युवा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का कड़ा फरमान का असर दिखने को मिलने लगा है। जिस पर पदाधिकारी अमल पहनाना शुरू कर दिए हैं। जिसको लेकर कैमूर जिला के चैनपुर के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश ने सहयोग शिविर पर पूरी तैयारी करने के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दिया।

बीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आदेश का पालन किया जा रहा है। समय पर लोगों को समुचित ढंग से योजना का लाभ दे। प्रशासन इसके लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निर्देश पर प्रखण्ड में सहयोग शिविर का पोर्टल शुरू कर दिया गया है। जहां कि प्राप्त 103 आवेदनों को पोर्टल में चढ़ा दिया गया है। जो कि विभिन्न विभागों से है। जिसको 30 दिन के अंदर निष्पादन कर जनता को न्याय देना है।

अगर विलंब हुआ तों उसके बाद विभागीय पदाधिकारी जिम्मेदार होंगे। जिस पर बड़ी करवाई हों सकती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता को अपना मोबाइल नंबर अंकित करना जरूरी है। इसी नम्बर पर लोगों को जानकारी दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके बीच सभी विभाग के पदाधिकारी जनता की समस्यायों को लेकर तत्पर रहना पड़ेगा। इसमें किसी प्रकार का लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने जनता से अपील किया कि सहयोग शिविर से जुड़ कर अपनी समस्या से निदान करायें।

## कैमूर के दो सगे भाइयों ने किक-बॉक्सिंग में गाड़ा सफलता का झंडा, जीता गोल्ड और सिल्वर

लोकतंत्र की आवाज



**दुर्गावती।** प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती, और जब जुनून के साथ कड़ी मेहनत मिल जाए, तो सफलता कदम चूमती है। कैमूर जिले के दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोटसा के दो सगे भाइयों ने किक-बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए न केवल जिले का, बल्कि पूरे बिहार का मान बढ़ाया है।

**चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शनः** हाल ही में IIMT यूनिवर्सिटी में 11 से 13 मई तक आयोजित राज्य स्तरीय किक-बॉक्सिंग प्रतियोगिता में नोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो छात्रों ने अपने खेल कौशल से सबको प्रभावित कियाः

असद अली (कक्षा 7): -32 किलोग्राम लाइट कॉन्टैक्ट इवेंट में अदम्य साहस दिखाते हुए स्वर्ण पदक (Gold Medal) पर कब्जा जमाया।

हमजा अली (कक्षा 6): -28 किलोग्राम भार वर्ग में कड़े मुकाबले के बीच रजत पदक (Silver Medal) जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की।

**गाजीपुर से शुरू हुआ था जीत का सिलसिलाः** इन दोनों भाइयों की सफलता की नींव 14 अप्रैल को आयोजित गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट किक-बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ही पड़ गई थी, जहाँ दोनों ने गोल्ड मेडल जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना टिकट पक्का किया था। "मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। मुझे पूरा विश्वास है कि असद और हमजा आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी चमक बिखेरेंगे।" मोहम्मद अब्दुल सलाम खान (कोच)

**गौरव का क्षणः पत्रकार शोएब खान के पुत्रों ने दी सौगातः** यह जिले के लिए गर्व की बात है कि मेडल जीतने वाले दोनों होनहार खिलाड़ी हिंदी दैनिक 'न्यूज़ वाणी' के पत्रकार शोएब खान के पुत्र हैं। बेटों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर न केवल परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है, बल्कि स्कूल प्रशासन और खेल प्रेमियों ने भी उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## रामगढ़ में 'चर्च' का उद्घाटन: प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, प्रोफेट शंभू शर्मा ने सेवा का संकल्प लिया

लोकतंत्र की आवाज





**रामगढ़ (कैमूर)।** रामगढ़ के आध्यात्मिक परिवेश में एक नया अध्याय जुड़ गया। शुक्रवार, को 'चर्च' का गरिमामय उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में न केवल प्रार्थना का स्वर गूँजा, बल्कि बेहतरीन संगीत और भक्ति के तालमेल ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**कुशल वादकों ने बाँधा समांः** कार्यक्रम की सफलता में संगीत पक्ष का विशेष योगदान रहा। मंच पर वाद्य यंत्रों पर अपनी कला का जादू बिखेरने के लिए अनुभवी कलाकारों ने कमान संभाली थीः बिंजू मास्टरः संजय कुमार मसीह, ढोलकः सुमित प्रकाश, पैडः मनु महाराज

गायन के सुरीले भजनों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। जब उन्होंने "मुक्ती के राह प्रभु यीशु ही बतावे हो..." जैसे गीतों की प्रस्तुति दी, तो हॉल में मौजूद श्रद्धालु अपनी सुध-बुध खोकर झूमने लगे। प्रोफेट शंभू शर्मा ने किया

मुख्य वक्ता प्रोफेट शंभू शर्मा ने चर्च की शाखा का उद्घाटन किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य ईसा मसीह के पवित्र सुसमाचार और उनके शांति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। ईश्वर का प्रेम निस्वार्थ है और हम इसी सत्य को समाज के बीच साझा करना चाहते हैं।"

**प्रार्थना से चंगाई का संदेशः** सभा के दौरान एक विशेष सत्र प्रार्थना और चंगाई का रहा। प्रोफेट शर्मा ने एक बच्ची का उदाहरण साझा करते हुए बताया कि वह लंबे समय से 'दुष्ट आत्मा' और अज्ञात बाधाओं से पीड़ित थी, लेकिन निरंतर प्रार्थना और ईश्वरीय अनुकंपा से अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। उन्होंने विश्वास जताया कि सच्ची प्रार्थना हर संकट का समाधान है।

**भविष्य की योजनाः बनेगा भव्य चर्च परिसरः** वर्तमान में चर्च का संचालन एक स्थानीय हॉल में किया जा रहा है, लेकिन संस्था ने अपनी विस्तार योजनाओं को भी साझा कियाः

अस्थाई केंद्रः फिलहाल सभी साप्ताहिक प्रार्थना सभाएं इसी परिसर में होंगी।

**नया निर्माणः** मानसून के ठीक बाद, संस्था अपनी निजी भूमि अधिग्रहित कर एक भव्य और स्थाई चर्च भवन का निर्माण शुरू करेगी। इस उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और मसीही समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस नई शुरुआत के साक्षी बने।

## संक्षिप्त खबरें ।

### टोंक पुलिस में बड़ा प्रशासनिक धमाका-सोप थाना प्रभारी विनोद कुमार लाइन हाजिर-एसपी के एक्शन से पुलिस महकमे में मचा हड़कंप



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना

टोंक/उनियारा। राजेश कुमार मीणा के आदेश पर टोंक जिला पुलिस महकमे में शुक्रवार को बड़ा प्रशासनिक एक्शन देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर उनियारा सर्किल के सोप थानाधिकारी विनोद कुमार (पुलिस निरीक्षक) को राजकार्य में लापरवाही के चलते प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए लाइन हाजिर कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद पूरे पुलिस विभाग में चर्चाओं और अटकलों का दौर तेज हो गया है। एसपी द्वारा जारी आदेश में विनोद कुमार को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन टोंक उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि उन्हें 8 मई को ही सोप थाना प्रभारी पद से हटा दिया गया था, जिसके बाद थाने का कार्यभार सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) नैनूलाल मीणा को सौंपा गया था। सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ समय से क्षेत्र में कानून व्यवस्था, बढ़ती अवैध गतिविधियों, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही तथा पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे।हालांकि पुलिस विभाग की ओर से आधिकारिक तौर पर केवल “प्रशासनिक कारण” ही बताए गए हैं, लेकिन इस कार्रवाई को टोंक पुलिस का बड़ा प्रशासनिक संदेश माना जा रहा है। क्षेत्रीय फीडबैक के अनुसार उनियारा सर्किल के अलीगढ़, बनेठा, सोप व उनियारा थाना क्षेत्र अवैध गतिविधियों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए थे। ऐसे में एसपी का यह कदम पुलिस व्यवस्था में सख्ती और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। वहीं पुलिस महकमे में अब आगे और भी प्रशासनिक बदलावों की संभावना जताई जा रही है।

### TALK OF THE TONK कार्यक्रम में गूंजा टोंक रेल लाइन का मुद्दा



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना

टोंक । जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित समाचार प्लस न्यूज़ चैनल के TALK OF THE TONK कार्यक्रम के दौरान टोंक रेल लाइन का मुद्दा एक बार फिर जोरदार तरीके से उठा। कार्यक्रम में रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अकबर खान ने सम्मानित होने के दौरान राजस्थान सरकार के जलदाय विभाग के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को टोंक में रेल लाने को लेकर पूर्व में किए गए वादे की याद दिलाई। रेल लाओ संघर्ष समिति टोंक के अध्यक्ष अकबर खान ने अपने संबोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा हाल ही में फौलादी सहित दो जिलों को रेल की सौगात दी गई है, लेकिन टोंक आज भी रेल सुविधा से वंचित है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर टोंक के साथ यह “दोगला व्यवहार” क्यों किया जा रहा है और जिले को अब तक रेल परियोजना की सौगात क्यों नहीं मिली। उन्होंने कहा कि टोंक जिले की जनता वर्षों से रेल कनेक्टिविटी की मांग कर रही है, लेकिन लगातार आश्वासनों के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्यवाही दिखाई नहीं दे रही। इस अवसर पर समाचार प्लस न्यूज़ चैनल की प्रबंधन टीम, कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, निवाई–पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### हरदोई : मानसिक रूप से अस्वस्थ किशोरी ने आम के पेड़ से लटककर दी जान

लोकतंत्र की आवाज

हरदोई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के नरहाई गांव में 17 वर्षीय किशोरी माधुरी पुत्री ऋषिपाल ने बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार दोपहर एक किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार ग्राम नरहाई निवासी ऋषिपाल की 17 वर्षीय पुत्री माधुरी घर से कुछ दूरी पर स्थित अपने ही बाग में पहुंची, जहां उसने दुपट्टे के सहारे आम के पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने जब किशोरी का शव पेड़ से लटकता देखा तो हड़कंप मच गया। तत्काल परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गांव के प्रधान डॉ. रामरूप ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, मौका मुआयना किया और शव को नीचे उतरवाकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतका माधुरी मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# “आवास दिलाने के नाम पर की अवैध वसूली !”

## वाह री योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति, धड़ल्ले से आवास के नाम पर ग्राम प्रधान कर रहे अवैध वसूली जिसकी शिकायत पीड़ित ने जिला पदाधिकारी से की

लोकतंत्र की आवाज





**यह बड़ा सवाल है कि जगम्मनपुर ग्राम प्रधान पर 25000 की आवास के नाम पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया गया जिसका ऑडियो वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा**

**उरई / जालौन** । जिले के विकास खण्ड रामपुरा अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर से भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां ग्राम पंचायत जगम्मनपुर के प्रधान प्रज्ञादीप गौतम पर एक कुष्ठरोगी आवास लाभार्थी से 25 हजार रुपये लेने का गम्भीर आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने के नाम पर यह रकम वसूली गई। मामले का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे गांव की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था में हड़कंप मच गया है।

पीड़ित लाभार्थी ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी आपबीती सुनाई और पीड़ित ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि आवास योजना का लाभ दिलाने के बदले उससे मोटी रकम ली गई, जबकि वह पहले से गंभीर बीमारी और आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।

मामले ने इसलिए तूल पकड़ लिया है क्योंकि ग्राम प्रधान पर इससे पहले भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग चुके हैं। अब एक बार फिर वायरल ऑडियो और शिकायत के बाद सवाल उठ रहे हैं कि आखिर सरकारी योजनाओं में गरीबों का हक कब तक लूटा जाता रहेगा। पीड़ित ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। कि प्रधान द्वारा मुझ गरीब से जब एक आवास पर 20 हजार और दो आवास पर 40 हजार रूपए की ग्राम प्रधान प्रज्ञादीप गौतम ने मांग की जिसमे 20 हजार रूपए प्रधान ने लिए ओर 5 हजार रोजगार सेवक ब्रजेश को दिलवाने की बात कही जब पीड़ित द्वारा प्रधान से 10 हजार रुपए वापिस मांगने पर प्रधान ने मना कर दिया जिसमे पीड़ित पिता ने ज्यादा आरजू विन्नत की तो प्रधान प्रज्ञादीप गौतम द्वारा साफ मना कर दिया कि आपका एक आवास हो गया 20 हजार उसके हो गए दूसरा आवास अब हम कटवा देंगे तब आपको 5 हजार वापिस कर देने की बात कही तो पीड़ित पिता ने कहा कि आपने कहा था कि यह हमारे यहां से नहीं होगा यह दूसरी जगह से कराओ तो दूसरे आवास के किस बात के पैसे ले रहे ।

हो जिसमे प्रधान द्वारा ऑडियो में स्पष्ट कहा गया कि हम जब लिखकर देते है तभी आवास होते है बहादुर भी तो है उसका क्यों नहीं आया तुम्हारा हमने लिख कर दिया इसलिए आवास आया इसके भी 20 हजार लगेंगे नहीं कराना है तो कल ब्लॉक में जाकर तुम्हारा नाम कटवा देंगे टीवी अपने 5000 वापिस ले जाना तो पीड़ित पिता ने कहा कि जब तुमने कराया ही नहीं तो किस बात के पैसे दे अस्पताल से हुआ है तुमने कहा भी था कि हमारे यहां से नहीं होगा अब अस्पताल की कार्यवाही से ऊपर से प्रशासन द्वारा आया है तो हम तुम्हे पैसे नहीं देंगे इस बात को लेकर दोनों में काफी देर तक खींचा तानी मची रही तो पीड़ित पिता ने कहा कि हम कल ऊपर अधिकारियों से शिकायत कर देंगे जिसमे आज डी एम कार्यालय पहुंच कर डी एम से शिकायत की जिसमे डी एम राजेश कुमार पांडेय ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी, जिसमे टीम द्वारा जांचकर मामले की जानकारी जिला प्रशासन को दी जाएगी अब देखना यह होगा कि पर्याप्त साक्ष्य सामने आने के बाद प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दोषियों पर कार्रवाई हो पाती है या ठंडे बस्ते में शिकायत डाल दी जाएगी ।

## किसानों और मजदूरों की मांगों को लेकर भाकपा-माले ने प्रदर्शन, कर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन एस डी एम को सौंपा



लोक तंत्र की आवाज

**जालौन** । किसानों और मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान तथा पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में *अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा* व *भाकपा-माले* ने संयुक्त रूप से मोर्चा खोला है। कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) रिंकू सिंह राही को सौंपा और समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

*रोजगार और मजदूरी पर जोर* ज्ञापन के माध्यम से पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण गरीबों के लिए रोजगार गारंटी को कम करना दुर्भाग्यपूर्ण है। कामरेड रामसिंह और संजय गौतम ने मांग की कि ग्रामीण मजदूरों के लिए *मनरेगा* को पूरी क्षमता के साथ बहाल किया जाए। उन्होंने मांग उठाई कि मजदूरों को साल में कम से कम *200 दिन का काम* और *600 रुपये दैनिक मजदूरी* की गारंटी दी जाए।

*बिजली और महंगाई का मुद्दा* वामपंथी नेताओं ने प्रदेश में बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने मांग की कि अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी आम जनता को *300 यूनिट मुफ्त बिजली* दी जाए। साथ ही, पेट्रोल और डीजल के बढ़े हुए दामों को तत्काल वापस लेने की मांग की गई ताकि आम आदमी को राहत मिल सके।

*लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा* संगठन ने नोएडा और गाजियाबाद में न्यूनतम वेतन की मांग कर रहे मजदूरों की गिरफ्तारी पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने गिरफ्तार मजदूरों की बिना शर्त रिहाई और नेताओं को 'हाउस अरेस्ट' करने जैसी असंवैधानिक कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की। इस अवसर पर फूल सिंह, शिवबालक बाथम, रमेशचंद्र टेलर, सुरेंद्र कुमार और राधेश्याम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लखनऊ में एलडीए ला रहा बड़ा प्रोजेक्ट, आईटी और वेलनेस सिटी में जमीन खरीद-बिक्री पर लगेगी रोक



लोक तंत्र की अवाज़

रत्ना

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण शीघ्र ही राजधानी की दो महत्वाकांक्षी आवासीय योजनाओं आईटी सिटी व वेलनेस सिटी में जमीन की खरीद बिक्री पर जल्द रोक लगेगी। भूमि अर्जन अधिनियम-2013 की धारा-11 एक सप्ताह में लागू हो सकती है, उसके बाद बिना कलेक्टर की अनुमति के किसी जमीन की खरीद-बिक्री नहीं हो सकेगी। इसके लिए शासन ने सहमति दे दी है। इसकी अधिसूचना जारी करने के लिए भाषा व विधि विभाग को फाइल भेजी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की सुलतानपुर रोड पर 3,490 एकड़ में आइटी सिटी और 1200 एकड़ में वेलनेस सिटी आवासीय योजना प्रस्तावित है। दोनों योजनाओं में किसानों से लैंड पूलिंग और अधिग्रहण करके जमीन जुटाई जा रही है।

## नीट परीक्षा रद्द होने और पेपर लीक मामले को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किया केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

लोकतंत्र की आवाज़



**बरहरवा** । नीट परीक्षा रद्द होने एवं पेपर लीक मामले को लेकर शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा स्टेशन चौक बरहरवा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार एवं भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में शामिल नीट का पेपर लीक होना और बाद में परीक्षा रद्द होना केंद्र सरकार की शिक्षा व्यवस्था की पूरी विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार प्रतियोगी परीक्षाएं भ्रष्टाचार, लापरवाही और पेपर माफियाओं की भेंट चढ़ रही हैं, जबकि सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है।

झामुमो नेता शक्ति नाथ अमन ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश के युवाओं के भविष्य को मजाक बनाकर रख दिया है। लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन केंद्र सरकार की लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ भाषण और विज्ञापन में चल रही है, जमीनी स्तर पर शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। नीट परीक्षा रद्द होना इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार परीक्षा कराने तक में सक्षम नहीं रह गई है।

वहीं झामुमो नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने कहा कि आज देश का युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। वर्षों की कठिन मेहनत और अभिभावकों की उम्मीदों के बाद छात्र परीक्षा देते हैं, लेकिन भाजपा शासन में हर बड़ी परीक्षा विवाद और घोटालों का शिकार हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और अब उनकी परीक्षाओं की विश्वसनीयता भी समाप्त कर रही है। दानीनाथ महतो ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा और युवाओं के मुद्दों पर पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है। एक तरफ छात्र आत्मिक तनाव और भविष्य की चिंता से जूझ रहे हैं, वहीं केंद्र सरकार जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद नहीं हुआ तो झामुमो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन को और तेज करेगा।

इस मौके पर झामुमो नेता शक्ति नाथ अमन , नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो, नगर सचिव मोहम्मद इकबाल हुसैन, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बम बम महतो, मोहम्मद शकील परवेज, छात्र मोर्चा दानी नाथ माहतो, शुभाशीष कुमार , छोटू गुप्ता, आकाश कुमार,वरुण मंडल, आसिफ इकबाल,सुशील सेन, विजय गुप्ता, कवलजीत शर्मा, विकास रजक, मुन्ना, नीरज महतो, मंगल शर्मा, विवेक शर्मा, उज्जवल कुमार,विशाल कु माहतो, पंकज यादव, अभिनव चौधरी, आदित्य राना,समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

## शिक्षकों का हुंकार मार्च: मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे शिक्षक-सरकार को दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

लोकतंत्र की आवाज



**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रदेश संगठन के क्रमिक आंदोलन के आह्वान पर गुरुवार को टोंक में शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रथम चरण के आंदोलन के तहत शिक्षक सड़कों पर उतरे और टोंक खंड के शिक्षक डाक बंगला में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला। यह मार्च उपखंड कार्यालय होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक पहुंचा, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

**विभिन्न मांगों को लेकर जताया विरोध:** शिक्षकों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। इनमें ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती बंद करना, तृतीय वेतन श्रृंखला सहित सभी संवर्गों के स्थानांतरण करना, तृतीय श्रेणी शिक्षकों की पदोन्नति, वर्ष 2019 से क्रमोन्नत विद्यालयों में पदों का आवंटन एवं स्टाफिंग पैटर्न लागू करना प्रमुख रहे।इसके अलावा आरजीएचएस योजना को सुचारु रखने, शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, संविदा शिक्षकों को नियमित करने तथा प्रबोधक एवं तृतीय वेतन श्रृंखला की वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग भी उठाई गई।

**मांगें नहीं मानी तो होगा बड़ा आंदोलन:** संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। शिक्षकों ने सरकार से शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर पहल करने की मांग की।

**सैकड़ों शिक्षक रहे मौजूद:** प्रदर्शन में दिनेश कुमारी, अनिल पाटीदार, महेश दाधीच, नरेन्द्र मोहन, सीताराम सोनी, आदर्श किशोर, नरेन्द्र शर्मा, सोहन शर्मा, राजेन्द्र विजय, ममता शर्मा, गुलाब मराठा, रेखा कोठारी, रेखा जैन, मोना जैन, सुनील राजवंशी, रतन लाल योगी, शिवजी लाल कीर, ओम प्रकाश शर्मा, अशोक जैन, महेश जाजू, कौशल किशोर, राजेन्द्र महावर, कैलाश जाट, सुमित दीक्षित, उमेश नागा, देवेंद्र खण्डेलवाल, प्रदीप अग्रवाल, उत्तम पंचोली, विकास विजय, कैलाश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, विष्णु दाधीच, परमेश्वर शर्मा, कैलाश प्रजापत, राजेन्द्र महावर, नागेन्द्र महावर, कुलदीप सिंह, अरविन्द सिंह, आशीष ठाकुर, अरुण गर्ग और प्रवीण सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## सीएम डॉ. यादव ने उज्जैन में किया विकास कार्यों का निरीक्षण, कहा- भविष्य के मद्देनजर पूरी योजना के साथ हो रहा काम

लोक तंत्र की आवाज



**भोपाल/उज्जैन।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 15 मई को सिंहस्थ-2028 के मद्देनजर उज्जैन में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने रोड चौड़ीकरण और रामघाट पर हुए कामों को देखा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को लेकर हमारी सरकार पूरी योजना के साथ काम कर रही है। ये काम इस तरह किए जा रहे हैं कि भविष्य में शहर के साथ-साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भी लाभ मिले। हम अपने सारे कामों पर बारीकी के साथ नजर रखे हुए हैं।

विकास कार्यों के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से कहा कि 30 जून तक क्षिप्रा-गंगा दशहरे के अवसर पर पूरे प्रदेश में एक साथ सामूहिक रूप से श्रमदान का संकल्प किया है। नदी, नहर, कूंए, बावड़ी, तालाब, लगभग सभी स्थानों पर जनभागीदारी से जल संरक्षण किया जाएगा। मुझे इस बात का संतोष है कि जल संरक्षण के काम को लेकर मध्यप्रदेश देश में नंबर वन है। इस मामले में मध्यप्रदेश आगे बढ़ रहा है। मैं कल ही जल शक्ति मंत्रालय में इन आंकड़ों को देख रहा था। उम्मीद करेंगे कि हमारा ये क्रम बरकरार रहे।

**जल संरक्षण पर और अच्छा काम होगा:** सीएम डॉ. यादव ने कहा कि जल ही जीवन है। जल संरक्षण के संकल्प के लिए ही सालों पहले से यहां रामघाट से क्षिप्रा परिक्रमा, गंगा दशहरा मनाने की परंपरा प्रारंभ की गई थी। मैं उम्मीद करता हूं कि इस साल निकलने वाली गंगा दशमी की परिक्रमा भी गौरव के साथ मनाई जाए। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आग्रह पर जल संरचनाओं पर काम कर रहे हैं। भविष्य में इस पर और अच्छे से काम होगा।

**■ जल संरक्षण में पूरे देश में मध्यप्रदेश है नंबर-1**

**बढ़ा रहे जनता की सुविधाएं:** सीएम डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी तरह के काम करते हुए जनता की सुविधाओं को बढ़ा रहे हैं। हमारी सरकार सारी चीजों की मॉनिटरिंग भी कर रही है। हम कोशिश कर रहे हैं कि हमारे इन सारे निर्माण कार्यों का दूरगामी परिणाम हो। इन कामों से शहर और दर्शनार्थियों को लंबे समय तक लाभ मिले। उज्जैन ऐतिहासिक नगरी होने के साथ-साथ पौराणिक नगरी भी है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का संतोष है कि यहां के जनप्रतिनिधि-जनता-प्रशासन सब मिलकर पूरी श्रद्धा के साथ काम कर रहे हैं। सरकार का मुखिया और यहां का विधायक होने के नाते मैं इसके लिए सबका अभिनंदन भी तरता हूं और गर्व भी करता हूं।

## उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण का रास्ता हुआ साफ-राजस्व दल ने हटवाया अतिक्रमण

लोकतंत्र की आवाज



**बाबू लाल मीना**

**उनियारा,(टोंक)।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूपपुरा के रमजानगंज गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण में आ रही बाधा आखिरकार दूर हो गई। केंद्र के लिए आवंटित भूमि पर किए गए अतिक्रमण के कारण बजट स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण कार्य लंबे समय से रुका हुआ था। उपखंड अधिकारी उनियारा पूजा मीणा के निर्देश एवं कार्यवाहक तहसीलदार उनियारा पूजा मीणा के आदेश पर गठित राजस्व दल ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।भू-अभिलेख निरीक्षक पवनेश जोशी के नेतृत्व में पटवारी कौशल कुमार, गगन यादव एवं बुधराज की टीम ने पहले भूमि की पैमाइश की और उसके बाद ग्रामीणों से समझाइश कर शांतिपूर्ण तरीके से अतिक्रमण हटवाया। कार्रवाई के बाद प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त भूमि का कब्जा स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों को सौंप दिया।इससे अब उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है और ग्रामीणों को जल्द ही स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि उपस्वास्थ्य केंद्र बनने से क्षेत्र के लोगों को ईलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## थ्री स्टार एसएचओ की जांच उसी थाने के एक स्टार ए एसआई को, वाह री गंगापुर सिटी पुलिस

लोक तंत्र की आवाज



**विशेष संवाददाता**

**राजस्थान।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले की तहसील गंगापुर सिटी में थाना कोतवाली गंगापुर सिटी का एक और सनसनीखेज मामले का खुलासा कर पुलिस की कार्य प्रणाली पर आरोप लगाते हुऐ हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने आज पत्रकारों को बताया कि उन्होंने कुछ दिन पूर्व थाना कोतवाली गंगापुर सिटी के थ्री स्टार एसएचओ एवं थाना प्रभारी के विरुद्ध एक लिखित शिकायत अदालत में झुठी रिपोर्ट पेश करने के सन्दर्भ में डीजीपी राजस्थान पुलिस, आई जी भरतपुर रेंज एवं जिला पुलिस अधीक्षक को ई मेल द्वारा भेज कर दर्ज कराई थी जिस पर उन्हें मेल द्वारा वियु कम्पलेंट पोर्टल के माध्यम से सूचित किया गया है कि उनकी शिकायत उपरोक्त थाने में ही शिकायत नम्बर-5670102600100 दिनांक 04/05/2026 को दर्ज कर जांच उसी थाने के एक स्टार जांच अधिकारी एएसआई भरत सिंह को सौंपी गई है?

अब ऐसे में बड़े सवाल यह है कि क्या अपने ही थाना प्रभारी के विरुद्ध उनके अधीनस्थ कार्य करने वाले उसी थाने के कनिष्ठ पुलिस अधिकारी एएसआई जांच कर सकते हैं? क्या ऐसी स्थिति में वह निष्पक्ष जांच करेंगे? क्या संबंधित जांच अधिकारी अपने वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों के विरुद्ध कोई कार्यवाही कर सकते हैं अथवा करेंगे? क्या पीड़ित को न्याय मिल पाएगा? ऐसी जांच किस नियम और कानून के अनुसार की जाएगी कि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के विरुद्ध जांच उसी थाने के कनिष्ठ पुलिस अधिकारी करें ? स्वयं एडवोकेट होने के नाते उपरोक्त सवाल उठते हुए भुक्तभोगी पीड़ित राजा भईया ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों द्वारा एक कनिष्ठ पुलिस अधिकारी को थाना प्रभारी के विरुद्ध जांच अधिकारी नियुक्त किए जाने पर कहते हुऐ बताया कि नियम एवं कानून के अनुसार किसी भी पुलिस कर्मी के विरुद्ध प्राप्त किसी भी शिकायत की जांच कर कार्यवाही करने का अधिकार उनसे वरिष्ठ अधिकारी को होता है और हमेशा उनके वरिष्ठ रेंक के अधिकारी या विजिलेंस विभाग के अधिकारियों से ही ऐसी जांच कराने का नियम व कानून है परन्तु उक्त मामले ने पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है, उपरोक्त बाबत अब सभी दस्तावेजों सहित पीड़ित राजा भईया ने फिर से एक लिखित शिकायत राज्य के पुलिस प्रमुख डीजीपी, आई जी रेंज भरतपुर एवं जिला पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर को उनकी ई मेल पर भेजते हुए की है और मामले की जांच संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों या विजिलेंस विभाग द्वारा कराए जाने की मांग की है, आज पत्रकारों को उपरोक्त बाबत सभी दस्तावेजों एवं शिकायतों की प्रतियां देते हुऐ उन्होंने इस सनसनी खेज मामले का खुलासा किया है अब देखना है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस पर कब तक और क्या कार्यवाहिया करते है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।